हरिभूमि
रायपुर भूमि



- नए पुल के लिए मिट्टी खुदाई शुरू, 21 करोड़ में बनेगा पुल, सालभर की समय सीमा तय
- 16.61 मीटर चौड़ी, 180 मीटर लंबा और 6 मीटर ऊंचाई का पुल
- नदी के पुराने विसर्जन घाट से अमलेश्वर को जोड़ेगा
- अभनपुर की वेदांता कंस्ट्रक्शन करेगी नए ब्रिज का निर्माण

खारुन पुल से 6 घंटे में 80 हजार वाहन गुजर रहे, हमेशा जाम,राहत के लिए अब नया ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेवघाट के पुराने ब्रिज के पास खारुन नदी में चार दशक बाद 180 मीटर लंबा ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। यह ब्रिज नदी के पुराने विसर्जन घाट से अमलेश्वर को जोड़ेगा। टेंडर की शर्तो में इस ब्रिज का निर्माण सितंबर 2027 तक पूरा करने की समय सीमा तय है। नए ब्रिज बनने से राजधानी रायपुर, पाटन और भिलाई की तरफ आने ⏭शेष पेज 13 पर



ट्रैफिक सर्वे के बाद हुआ निर्णय

खारुन नदी पर नए फोरलेन पुल निर्माण से पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा महादेवघाट क्षेत्र में यातायात का सर्वे कराया गया। सर्वे के अनुसार इस मार्ग पर प्रत्येक 6 घंटे में 80 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। खासकर शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक इस मार्ग में यातायात का दबाव सबसे ज्यादा पाया गया। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अधिकारियों का कहना है कि नए पुल के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी को निर्धारित समय में ब्रिज निर्माण का कार्य पूरा करने कहा गया है।

1983 में बना था खारुन नदी का पुराना पुल

रायपुरा के महादेवघाट से खारुन नदी में अमलेश्वर तरफ से आवाजाही के लिए 1983 में ब्रिज बनाया गया था। तब से लेकर अब तक इस ब्रिज से ही आवाजाही होती रही है। यहां लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है। इस बार की तेज बारिश के दौरान गंगरेल बांध के 14 फाटक खुलने से यह ब्रिज डूबा रहा। इससे तीन दिनों तक आवाजाही बंद रही। अमलेश्वर तरफ बसाहट तेजी से बढ़ने और आवाजाही अधिक होने से लोगों को दिक्कत होती है। नए ब्रिज का निर्माण पूरा होने से लोगों की यह समस्या दूर हो जाएगी।

ब्रिज निर्माण पर एक नजर

- ब्रिज निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति 25 करोड़ 50 लाख 59 हजार
- निर्माण की अनुबंध राशि 21 करोड़ 10 लाख 4 हजार रुपए
- वर्कआर्डर जारी हुआ : 27 अगस्त 2026
- काम पूरा होने की निर्धारित तारीख : 26 सितंबर 2027
- ब्रिज की लंबाई 180 मीटर, बीच में 8 स्पॉन
- चौड़ाई 16 :61 मीटर

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

सफाई के लिए दिहाड़ी मजदूर, जवान 24 घंटे अलर्ट, टूटे-फूटे टाइल्स-ग्रेनाइट अब चकाचक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलमंत्री के आगमन के लिए सज रहा रेलवे स्टेशन 9 अक्टूबर को आरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

राजधानी के रेलवे स्टेशन की बीते 10 दिनों के भीतर रेलवे प्रशासन ने पूरी तस्वीर बदल दी है। इसकी मुख्य वजह 9 अक्टूबर को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का रायपुर आना है। वे आरपीएफ के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। रेलमंत्री के स्वागत को लेकर रेलवे ने स्टेशन की सुविधाओं को हाईटेक बनाने और नया लुक देने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे लगातार सफाई के साथ-साथ रंगरोगन भी कराया जा रहा है। दूसरी ओर स्टेशन में चारों दिशाओं से सुरक्षा व्यवस्था ⏭शेष पेज 13 पर



चार करोड़ का टेंडर

स्टेशन के आधुनिकीकरण और पुनर्विकास का काम गति शक्ति योजना के तहत अलग से चल रहा है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, सामान्य वर्षों में मौजूदा स्टेशन की मरम्मत और रखरखाव पर करीब एक करोड़ रुपए खर्च होते हैं। इस बार इसी मद में चार करोड़ रुपए का टेंडर किया गया है। आरपीएफ राइजिंग डे कार्यक्रम से पहले स्टेशन पर मरम्मत और साज-सज्जा का काम तेज हो गया है। ठेका एजेंसी अलग-अलग हिस्सों में काम कर रही है। रेलवे का प्रयास कार्यक्रम से पहले जरूरी हिस्सों को दुरुस्त करने का है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि स्टेशन पर हर साल मरम्मत कार्य कराया जाता है। इस बार भी जरूरत और तय स्कोप के अनुसार ही काम हो रहा है। इसे केवल रेलमंत्री के दौरे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।

नए गेट से शुरू हुई लगेज चेकिंग

स्टेशन में गेट नंबर 2 से एंट्री बंद होने के बाद आरपीएफ ने नए गेट से लगेज की चेकिंग शुरू कर दी है। आने वाले सभी यात्रियों के लगेज की जांच की जा रही है। इसके अलावा सभी प्लेटफॉर्म पर जवानों की तैनाती कर दी गई है। सुरक्षा में चूक से बचने के लिए आरपीएफ विशेष सावधानी बरत रहा है। ट्रेनों में जांच के साथ-साथ संदिग्ध यात्रियों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

दिहाड़ी मजदूर कर रहे सफाई

रेलवे के एक सफाई कर्मचारी ने हरिभूमि को बताया कि रेलवे प्रशासन की ओर से स्टेशन को साफ रखने के लिए सफाई ठेकेदार पर काफी दबाव है। जानकारी है कि ठेकेदार के पास सफाई कर्मचारियों की कमी है। इसलिए दिहाड़ी मजदूरों की मदद से स्टेशन की सफाई कराने के लिए उन्हें बुलाया जा रहा है। स्टेशन के सातों प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे सफाई करने के निर्देश हैं।

एक ही दिन में गुमशुदगी के 150 केस दर्ज, इनमें 'लेडीज' की संख्या ज्यादा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट तथा ग्रामीण थानों में शनिवार को 24 घंटे के भीतर 150 से अधिक लोगों के लापता होने की शिकायत मिलने पर पुलिस ने अपहरण और गुमशुदगी के मामले दर्ज किए हैं। शहरी और ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अचानक इतनी बड़ी संख्या में मामले दर्ज होने के पीछे मुख्य कारण सुप्रीम कोर्ट के निर्देश हैं, जिसके तहत अब गुमशुदगी के मामलों में अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज करने आदेश दिए गए हैं। पहले ऐसे मामलों में सिर्फ गुम इंसान का कायमी कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती थी, लेकिन नए निर्देशों के बाद पुलिस अब हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर रही है। ⏭शेष पेज 13 पर

- इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा

खबर संक्षेप

दिव्यांगों के लिए 20 पदों पर सीधी भर्ती

रायपुर। दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 अक्टूबर को वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संभल केन्द्र गांधी चौक में किया जाएगा। वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से कुल 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के लिए 12 पद तथा अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए 8 पद निर्धारित किए गए हैं। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 8 हजार से 10 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। वॉक-इन इंटरव्यू 7 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। समाज कल्याण विभाग ने पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

दोपहिया चोरी मामले का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आजाद चौक थाने की पुलिस ने एक दोपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। दोपहिया चोरी करने के आरोप में पुलिस ने भिलाई निवासी प्रमोद पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। आकाश नाशा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह लाखेनगर स्थित अपनी डेलीनीड्स की दुकान के सामने एक्टिवा खड़ी कर दुकान गया था। कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो दोपहिया पार्क किए गए स्थान पर नहीं थी। कोई अज्ञात चोर उक्त वाहन को चोरी कर ले गया था।

घर बैठे बांट रहे थे सरकारी नौकरी, दो बहनों से साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले गिरोह के तीन जालसाजों को राखी थाने की पुलिस ने रायगढ़ तथा जशपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने सील बनाने वाली मशीन के साथ कंम्प्यूटर प्रिंटर जब्त किया है। जालसाजों ने दो सगी बहनों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी की थी। जालसाजों ने और किन-किन लोगों के साथ ठगी की है। इस संबंध में ⏭शेष पेज 13 पर

- ठग गिरोह के तीन जालसाजों को पुलिस ने रायगढ़, जशपुर से किया गिरफ्तार

वाट्स एप में भर्ती संबंधित विज्ञापन भेजा

ठगी के मास्टर माइंड ने दोनों बहनों के मोबाइल पर भर्ती संबंधित विज्ञापन का उनके मोबाइल पर मैसेज भेजा। नियुक्ति प्रक्रिया एवं दस्तावेज सत्यापन के नाम पर शिकायतकर्ता को नवा रायपुर बुलाया गया। इसके बाद आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता एवं उसकी बहन के नाम से कूटरचित नियुक्ति पत्र तैयार किए गए। इन दस्तावेजों में प्रदीप पंडा द्वारा पीसीएस अधिकारी के नाम से फर्जी सील एवं हस्ताक्षर का उपयोग ⏭शेष पेज 13 पर

किराना कारोबारी को डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े आठ लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के एक किराना कारोबारी को मेंटली टार्चर कर दो महीने से अलग-अलग समय में डिजिटल अरेस्ट कर अज्ञात जालसाज ने साढ़े आठ लाख रुपए ठग लिए। जालसाज ने कारोबारी को उनके बैंक अकाउंट का आईसीआईसीआई बैंक में करोड़ों की गड़बड़ी में इस्तेमाल होने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। ठगी की घटना उरकुरा निवासी किराना कारोबारी देव सिंह के साथ हुई। पीड़ित कारोबारी ने पुलिस को बताया कि उसके पास 18 अगस्त को एक अज्ञात नंबर से वाट्स एप कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना परिचय सीबीआई के साथ आईपीएस अधिकारी के रूप में दिया। अज्ञात जालसाज ने कारोबारी को धमकाते हुए ⏭शेष पेज 13 पर

- करोड़ों की गड़बड़ी में बैंक अकाउंट इस्तेमाल होने का झांसा देकर दो महीने तक भयादोहन किया

गुमसुम रहने से खुली पोल

मानसिक रूप से टार्चर करने और जालसाजों द्वारा अपने अकाउंट में लगातार रकम ट्रांसफर कराते रहने के कारण कारोबारी गुमसुम रहने लगा। उनका सगा भाई होमगार्ड में है, जब उसने अपने भाई से उनके गुमसुम रहने का कारण पूछा, तब कारोबारी ने अपने भाई को अपने साथ घटित घटना की जानकारी दी। इसके बाद होमगार्ड के जवान ने अपने भाई को उनके साथ ठगी होने की जानकारी दी और घटना की शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे।



कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में स्थित स्कूलों के लिए सुझाए गए विकल्प

कैंटीन सहित पुस्कालय का भुगतान यूपीआई से, विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने संबद्ध स्कूलों से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने को कहा है। बोर्ड ने यह निर्देश वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के नियमों के अनुरूप दिए हैं। स्कूलों को अपनी सभी भुगतान सेवाओं में डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। इसमें फीस जमा करने से लेकर कैंटीन और पुस्तकालय जैसी सेवाएं भी शामिल हैं। बोर्ड ने इन सभी भुगतान बिंदुओं पर एकीकृत ⏭शेष पेज 13 पर

सीबीएसई स्कूलों के लिए जारी हुए दिशा-निर्देश, डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने आदेश



तैयार होगी प्रोत्साहन योजना

सीबीएसई ने स्कूल प्रमुखों और प्रबंधकों को एक व्यापक डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन योजना तैयार करने के लिए कहा है। इस योजना का उद्देश्य डिजिटल भुगतान की पहुंच बढ़ाना, उसका इस्तेमाल बढ़ाना और सुरक्षित डिजिटल लेनदेन के बारे में जागरूकता पैदा करना है। बोर्ड के अनुसार, स्कूलों को शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में डिजिटल भुगतान से जुड़ी जागरूकता को ⏭शेष पेज 13 पर

अभिभावकों को देंगे जानकारी

सीबीएसई ने स्कूलों से अभिभावकों के लिए भी जागरूकता अभियान चलाने को कहा है। इन अभियानों के जरिए अभिभावकों को डिजिटल भुगतान के सुरक्षित और सुविधाजनक इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी जा सकती है। स्कूल परिसर में, स्कूल के कार्यक्रमों के दौरान तथा अभिभावक-शिक्षक बैठकों के दौरान ये अभियान चलाए जाएंगे। इसका उद्देश्य अभिभावकों को डिजिटल भुगतान के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए जागरूक करना है। सीबीएसई के अनुसार, स्कूल भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) से भी जुड़ सकते हैं। इससे फीस जैसे भुगतान को एक समान, सुरक्षित और अलग-अलग भुगतान प्रणालियों के बीच आसानी से काम करने वाले तरीके से स्वीकार करने में मदद मिल सकती है।

कर्मवीर बोले- पार्टी सबको देख रही, काम करने वालों को मिलता है सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा, बैठक के बाद रांची लौट गए संगठन महामंत्री

प्रदेश भाजपा के नए संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक में ज्यादा कुछ तो नहीं बोले, लेकिन उनकी पैनी नजरें एक-एक पदाधिकारी पर रही। शांत और चुप रहते हुए देखते रहे कि कौन सा पदाधिकारी किस तरह से व्यवहार कर रहा है।

उन्होंने बैठक में कहा, बेशक कुछ लोगों को पद नहीं मिला है, लेकिन ऐसे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, पार्टी सबको देखती है और उचित समय आने पर काम करने वालों को पद देकर जरूर सम्मानित किया जाता है। बैठक के बाद कर्मवीर सिंह शाम को झारखंड के नए संगठन महामंत्री पवन साय के साथ रांची लौट गए। बैठक में कर्मवीर सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखकर कार्य किया है। श्री सिंह ने कहा, हम सब एक ही पथ के पथिक हैं। भाजपा सत्ता में आकर समाज में परिवर्तन करती है और सेवा के माध्यम से लोगों तक पहुंचती है।

कोरोना काल में जब पूरी दुनिया भयभीत थी, तब भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की थी। संगठन के कार्यों के माध्यम से ही हमें जनता तक पहुंचना है। श्री सिंह ने 2028 के चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा, सेवा, समर्पण और संगठन के बल पर हमें जन-जन तक पहुंचकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाना है।

आशीर्वाद का दीया में बना रिकॉर्ड

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बैठक में वचुर्अल जुड़े और कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के माध्यम से देश और प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। श्री देव ने कहा, 17 सितंबर को प्रदेश में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम में कीर्तिमान स्थापित किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आमजनों की सहभागिता रही। महाराष्ट्र के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा समाज में मंथन का कार्य कर रही है। इस अभियान के जरिए लाखों परिवारों, युवाओं, महिलाओं एवं सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से भाजपा कार्यकर्ता सतत संपर्क कर रहे हैं। झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, कहा कि देशभर के 22 राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, जो सेवा भाव के साथ कार्य कर रही हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम प्रभारी यशवंत जैन ने अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया, 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगभग दो करोड़ दीये जलाए गए, जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने किया। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी सहित भाजपा कोर कमेटी के सदस्य, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, प्रवक्ता, जिला प्रभारी, सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद रहे।



खबर संक्षेप



अनाज दलाल संघ की नई कार्यकारिणी गठित

रायपुर। रायपुर अनाज दलाल संघ की महत्वपूर्ण बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में संघ के संगठनात्मक विकास, आपसी एकता, व्यापारिक हितों एवं सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें संघ के अध्यक्ष टिंकू महावर, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी एवं साकेत जैन को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव हितेश जैन, कोषाध्यक्ष अजय जैन, सहसचिव प्रतीक तनवानी को बनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में संघ के वरिष्ठ सदस्य जित्तू ठाकुर, शिव गुप्ता, हिमांशु महावर, ऋषभ चोपड़ा, अशोक जैन, महेंद्र राठी, नानक मौर्या, पीयूष शाह एवं योगेंद्र जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं ने कहा-उनके नाम पर बिना जानकारी के वोट डाले गए, चुनाव पर रोक की मांग

युवा कांग्रेस चुनाव में फर्जीवाड़े की 400 शिकायतें, दिल्ली पहुंचा मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस-2026 के संगठन चुनाव में धांधली का बड़ा विवाद सामने आया है। चुनाव में फर्जी वोटिंग और ओटीपी मांगने के गंभीर आरोप लगे हैं। वहीं पूरे मामले की शिकायत अब दिल्ली तक पहुंच गई है।

प्रदेशभर से करीब 400 शिकायतें चुनाव प्राधिकरण तक पहुंचने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह विवाद अब राष्ट्रीय नेतृत्व तक पहुंच गया है। शिकायतकर्ताओं ने चुनाव प्राधिकरण से पूरे मामले की जांच करने और चुनाव पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक फर्जी वोटिंग की जांच नहीं होती, चुनाव परिणाम घोषित नहीं किया जाना चाहिए।

इन जगहों से शिकायतें

भिलाई/दुर्ग – युवा कांग्रेस चुनाव में फर्जी वोटिंग/तकनीकी गड़बड़ी को लेकर खुर्सीपार के शासकीय आईटीआई में फर्जी मतदाता पहचानपत्र के जरिए ऑनलाइन वोट डलवाने का आरोप लगाया गया। मामले में प्रत्याशी अर्जुन शर्मा ने खुर्सीपार थाने में शिकायत की। कॉल सेंटर में भी दूसरे लोगों की पहचान से वोटिंग कराने का आरोप लगाया गया है।

जशपुर – कुनकुरी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील ने दावा किया कि उनके मोबाइल नंबर से जुड़ी आईडी में मतदान बंद होने के बाद 7 अतिरिक्त अनपेड वोट जुड़ गए। इनमें कोरबा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सूरजपुर से जुड़े वोट दिखाई देने का दावा किया गया। उन्होंने ऐप की तकनीकी जांच की मांग की।

राजनांदगांव – शहर जिला अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमर झा और विप्लव शर्मा ने मोबाइल आईडी हैक कर उनके नंबर से दूसरे प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने का आरोप लगाया। दोनों ने रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) से शिकायत की है।



एआई जनरेटेड फोटो

बिलासपुर – ऑनलाइन वोटिंग को लेकर फर्जी वोटिंग और वोट मैनेजमेंट के आरोपों वाला एक ऑडियो वायरल हुआ। बाद में विधायक अटल श्रीवास्तव ने भी ऐसे वोट बढ़ने की शिकायतें मिलने और कांग्रेस कमेटी को भेजा है।

दुर्ग ग्रामीण – मतदान के अंतिम दौर में फर्जी मतदान की शिकायतों का उल्लेख सामने आया है, हालांकि उपलब्ध रिपोर्टों में किसी एक विशिष्ट मतदान केंद्र या औपचारिक पुलिस शिकायत का स्पष्ट विवरण नहीं है।

मुंगेली– मुंगेली में युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश से आए लोगों द्वारा कथित फर्जी मतदान की शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ये लोग मध्यप्रदेश से मुंगेली आए थे और सर्किट हाउस में ठहरे थे। स्थानीय प्रत्याशियों ने आरोप लगाया कि इन बाहरी लोगों से युवा कांग्रेस चुनाव में मतदान कराया गया।

ये है पूरा मामला

दरअसल छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के चुनाव में करीब 14 लाख 56 हजार वोट पड़ने की जानकारी सामने आई। इसी बीच युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विनयशील ने मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी और फर्जी वोटिंग का आरोप लगाते हुए सवाल खड़े किए। उन्होंने अपने सोशल मीडिया खाते पर पोस्ट कर चुनाव में इस्तेमाल किए गए 'विथ आईवायसी' एप में तकनीकी गड़बड़ी अथवा किसी तरह के हस्तक्षेप की जांच कराने की मांग की। विनय शील ने दावा किया कि उनके एप खाते में सात नए 'अनपेड वोट' जुड़ गए हैं। उनके मुताबिक इनमें एक वोट सूरजपुर, चार वोट खैरागढ़-छुईखदान और दो वोट कोरबा से जुड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सभी वोट प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी क्रमांक चार के पक्ष में दर्ज हुए हैं। विनय का कहना है कि उन्होंने इन सात वोटों के लिए स्वयं मतदान नहीं कराया है।

आगामी चुनावों में उतरने के संकेत

छग में संगठन खड़ा करेगी चिराग पासवान की लोजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान ने छत्तीसगढ़ में पार्टी का संगठन मजबूत करने और आगामी चुनावों में अपनी राजनीतिक मौजूदगी दर्ज कराने के संकेत दिए हैं। रविवार को रायपुर पहुंचे श्री पासवान ने कहा, प्रदेश में पार्टी की राज्य इकाई का जल्द गठन किया जाएगा। इसके बाद संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्तियां कर विस्तार की प्रक्रिया शुरू होगी। राजधानी में युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे चिराग का एयरपोर्ट पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।



■ रायपुर में युवा संवाद के जरिए युवाओं तक पहुंचने की कोशिश

मीडिया से चर्चा के दौरान श्री पासवान ने स्पष्ट किया कि फिलहाल पार्टी की प्राथमिकता छत्तीसगढ़ में मजबूत संगठन तैयार करना है। राज्य इकाई के गठन के बाद पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों तक पहुंच बढ़ाई जाएगी। उन्होंने आगामी चुनावों में पार्टी की भागीदारी के संकेत तो दिए, लेकिन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ा जाएगा, इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

गठबंधन का फैसला समय और परिस्थिति पर निर्भर

छत्तीसगढ़ में भाजपा के साथ गठबंधन या समर्थन को लेकर पूछे गए सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि इस संबंध में फैसला प्रदेश इकाई करेगी। चुनावी परिस्थितियों और समय को देखते हुए आगे की रणनीति तय की जाएगी। उनके इस बयान से स्पष्ट है कि पार्टी फिलहाल संगठन विस्तार पर ध्यान दे रही है और गठबंधन को लेकर कोई अंतिम घोषणा नहीं की गई है।

युवा संवाद से संगठन विस्तार की तैयारी

रायपुर में युवा संवाद कार्यक्रम के जरिए चिराग पासवान ने प्रदेश के युवाओं से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और पार्टी युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती है।

छत्तीसगढ़ में निवेश करो 15 से अधिक सब्सिडी पाओ

■ कैपिटल,इंट्रेस्ट, जीएसटी, इलेक्ट्रिसिटी, स्टाम्प ड्यूटी में छूट के साथ 15 से अधिक सब्सिडी : अमित चिमनानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



होटल कोर्टयार्ड मैरियट, रायपुर में प्लास्ट विजन रोड शो का भव्य आयोजन किया गया। इसमें प्लास्ट विजन के चेयरमैन जयेश भाई, हर्षद देसाई एवं डॉ. महेंद्र परमार सहित छत्तीसगढ़ के 247 उद्योगपतियों ने सहभागिता की। सभी ने प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

भाजपा प्रवक्ता एवं वरिष्ठ सीए अमित चिमनानी ने छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में निवेश करने पर 15 प्रकार से अधिक सब्सिडी निवेशकों को दी जाएगी। कुल लागत का 30 से 45 प्रतिशत तक सरकार वहन करेगी।बैंक से लोन लेने पर 5 से 7 वर्ष का ब्याज का 50 प्रतिशत तक सरकार देगी। किसी प्रकार के अनुबंध करने के लिए स्टाम्प ड्यूटी में पूरी छूट होगी। प्रदेश की जीएसटी भी सरकार देगी। यहां तक कि कुछ विशेष परिस्थितियों में स्टाफ की सैलरी 30 से 40 प्रतिशत ट्रेनिंग प्रोग्राम का खर्चा भी सरकार उठाएगी। कंसल्टेंट द्वारा बनाई जाने वाली प्रोजेक्ट रिपोर्ट का खर्चा भी सरकार उठाएगी। इस प्रकार 15 से अधिक सब्सिडी सरकार देगी । जिसमें व्यापार में लगने वाली लागत का लगभग 50 से 60 प्रतिशत पैसा निवेशक को वहन नहीं करना पड़ेगा। आयोजन में जयेश भाई ने प्लास्ट विजन की जानकारी दी और प्लास्टिक कचरे के उचित निपटान के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, सीएफआई अध्यक्ष शंकर बजाज ने युवाओं से नई सोच, नवाचार एवं नए व्यवसायों के साथ उद्योग जगत में आगे आने का आह्वान किया।

7 को आएंगे भगत, बाढ़ पीड़ितों से करेंगे मुलाकात



रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत 6 अक्टूबर की रात 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद 7 से 9 अक्टूबर तक बस्तर के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कांकेर और दंतेवाड़ा में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। वहीं दंतेवाड़ा के हिरालकुड़म-बारसूर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी लेंगे। इस दौरे में संगठनात्मक बैठकों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी प्रस्तावित है। बस्तर और बीजापुर में हाल की भारी बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ से जनजीवन प्रभावित हुआ था। राहत और बचाव के लिए प्रशासन को बड़े स्तर पर अभियान चलाना पड़ा था। प्रदेश प्रभारी बनने के बाद सुखदेव भगत का यह 15 दिनों के भीतर दूसरा छत्तीसगढ़ दौरा होगा। उनके साथ दौरे में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य पदाधिकारी भी होंगे।

दौरा कार्यक्रम : प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत 6 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रात में रायपुर में ही रुकेंगे। 7 को सुबह 10 बजे रायपुर से कांकेर के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे कांकेर में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। दोपहर 2 बजे कांकेर में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च में शामिल होंगे। शाम 3 बजे कांकेर से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। जगदलपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

दो वार्डों में लगेंगे 150 बिजली खंभे, नाली सड़क निर्माण देखने स्कूटी से पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ माधवराव सप्रे, संत रविदास वार्ड में सीसी रोड, निकास के लिए नाली निर्माण, नए स्ट्रीट पोल

नगर निगम जोन-8 के 2 वार्डों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने सीसी रोड का निर्माण होगा। गंदे पानी के निकास के लिए पक्की नाली का निर्माण कराया जाएगा। इन वार्डों की गलियों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए 150 नए स्ट्रीट पोल लगाने की तैयारी है। इस कार्य में 5 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जोन-8 के माधवराव सप्रे वार्ड और संत रविदास वार्ड में निर्माण कार्यों का जायजा लेने रविवार को दोपहिया वाहन से रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत स्पॉट पर पहुंचे। उन्होंने इन दोनों वार्डों की गलियों में घूमकर विकास कार्यों की धरालत पर स्थिति की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य समयसीमा में पूरा कराने के निर्देश भी दिए। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने विधायक राजेश मूणत ने संत रविदास वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, माधव राव सप्रे वार्ड के पार्षद महेंद्र औसर सहित अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान श्री मूणत ने इन वार्डों की गलियों में पहुंचकर निर्माणाधीन सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों की स्थित देखी, इसके साथ ही प्रस्तावित विद्युत पोल्स के बारे में जानकारी ली। इन दोनों वार्डों में 150 नए विद्युत पोल लगाने की स्वीकृति मिली है। जल्द ही चिन्हांकित क्षेत्रों में नए स्ट्रीट पोल लगाकर प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। विद्युत पोल लगाए जाने से क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को भी बेहतर करने में सहायता मिलेगी।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के जरिए ढूंढे जाएंगे जलवायु व कृषि आधारित समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि, 50 विजेताओं को मिलेंगे 10-10 लाख रुपए

विद्यार्थी, शोधकर्ता, स्टार्टअप, एमएसएमई और नवाचारकर्ता 17 तक कर सकते हैं आवेदन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं नवाचारकर्ताओं की प्रतिभा और नए विचारों को प्रोत्साहित करने तथा समाज की वास्तविक समस्याओं के नवाचार आधारित समाधान सामने लाने के उद्देश्य से 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-2026' का आयोजन किया जा रहा है।

चैलेंज के लिए कुल 5 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। इसमें 10 प्रमुख क्षेत्रों से कुल 50 विजेताओं का चयन किया जाएगा और प्रत्येक विजेता को 10 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। चैलेंज के अंतर्गत कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, अधोसंरचना एवं मोबिलिटी, स्थिरता एवं जलवायु, उभरती तकनीक, शिक्षा एवं रोजगार सहित 10 प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार आधारित समाधान आमंत्रित किए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्र से पांच विजेताओं का चयन किया जाएगा, जिनमें 3 ओपन फॉर ऑल, 1 महिला तथा 1 अंडर-21 श्रेणी के विजेता शामिल होंगे।



प्रदेशवासी ही ले सकेंगे हिस्सा

*इस पहल की खास बात यह है कि चयनित नवाचारों को केवल पुरस्कार तक सीमित नहीं रखा जाएगा। नवाचारकर्ताओं को विशेषज्ञों, उद्योगों, शासकीय विभागों एवं निवेशकों से जुड़ने का अवसर भी मिलेगा, जिससे उनके विचारों को वास्तविक धरातल पर लागू करने और प्रभावी समाधान के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेंगी। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी, शोधकर्ता, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं नवाचारकर्ता भाग ले सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी **sevainnovation-challenge-in** पर आवेदन कर सकते हैं। 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज-2026' के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान को नवाचार से जोड़ते हुए प्रदेश की युवा प्रतिभाओं और नए विचारों को समाज एवं शासन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान में सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।*



खबर संक्षेप

सरपंच की पहल : 250 स्कूली बच्चों को बांटे लोअर-टीशर्ट

चंदखुरी। आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दरबा में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन एवं सहयोग के उद्देश्य से सराहनीय पहल की गई। ग्राम पंचायत दरबा के सरपंच संजय टंडन के प्रयासों से शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में अध्ययनरत लगभग 250 विद्यार्थियों को लोअर एवं टी-शर्ट प्रदान किए गए। इस पहल से स्कूली बच्चों में उत्साह देखने को मिला। लोअर एवं टी-शर्ट वितरण कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा महिला सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना की गई। सरपंच संजय टंडन के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के हित में एक सकारात्मक कदम बताया गया। **ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में सरपंच संजय टंडन, उपसरपंच नामित यादव, गणेश धुरु, संजय चक्रधारी, गन्नू राम टंडन, दिलीप धुरु, श्रवण साहू, नरेश लहरी, सुदर्शन यादव, बलदेव ढीढ़ी, धनेश्वर साहू, अजय पुरी, दुर्वेद्र ढीढ़ी, राजा निर्मलकर, शंकर धीवर, विनोद पटेल, देवा साहू, विष्णु यादव, सुमित्रा टंडन, अनीता ढीढ़ी, हेमलता पटेल, रामेश्वरी साहू, कुमारी साहू, पुन्नी विश्वकर्मा, लता धुरु, सरस्वती लहरी, रंजना ढीढ़ी एवं हेमकुमारी सहित ग्राम के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंदिरहसौद में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



आरंग। मंदिर हसौद में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-17 शालेय बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, अध्यक्षता प्रेमशिला एक्का, सेजेस स्कूल मंदिर हसौद, पार्षद एकता मिश्रा, प्रतिनिधि अवधेश मिश्रा, आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू के द्वारा किया गया। संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में रायपुर जिले के अभनपुर, धरसींवा, तिल्दा और आरंग विकासखंड की टीमों ने भाग लिया। धरसींवा की टीम विजेता और आरंग की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जिले का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर टेंभुकर, रवि धनगर, विकासखंड खेल अधिकारी राकेश प्रधान, व्यायाम शिक्षक अमित चंद्राकर, प्रियल साहू, अमित बंजारे, आरंग क्रिकेट क्लब से अश्वनी रात्रे सहित सभी सदस्य और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

निधन

दिलहरण यादव

आरंग। नगर पंचायत समोदा निवासी 65 वर्षीय दिलहरण यादव का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगर के लोग शामिल हुए। वे उर्वशी बाई के पति, जितेन्द्र, राजेंद्र व राकेश यादव के पिता थे।



रामचरित मानस के पाठ में जटायु प्रसंग का वर्णन कर तर्पण की महिमा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



सीतारामशरण मानस मंडली पुरानी बस्ती गुड़ी चौक मोहल्लावासी देवरी के तत्वावधान में पुरखा के सुरता, श्रद्धांजलि तर्पण नवमी तिथि श्राद्ध पर्व रविवार को जिला स्तरीय रामायण संगोष्ठी का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रखा गया। जिसमें वरिष्ठ नागरिक नरेश चंद्राकर, सरपंच चेतन टेकचंद साहू, प्रबुद्धजन, आयोजक सीताराम यादव, दीनबंधु चंद्राकर, पिंटू चंद्राकर, शिब्बू चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, आशीष चंद्राकर, मोहल्लावासी गुड़ी चौक के कर कमलों से भगवान श्रीराम दरबार के छायाचित्र पर पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार, पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित कर हनुमान चालीसा पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। ओम बालिका मानस मंडली लखौली के द्वारा मंगलाचरण तथा रामभजन, शंकर भजन, कायखंडी भजनों की प्रस्तुति हुई। रामायण में पितृ श्राद्ध से जुड़े जिला स्तरीय ख्याति प्राप्त मानस मर्मज्ञ आचार्य नरेंद्र द्विवेदी आरंग, पिंटू पटेल सलोनी, पंडित सूर्यकांत तिवारी गोढ़ी, रामचंद्र विश्वकर्मा बेमचा, भेखलाल चंद्राकर कौंदकेरा ने रामचरितमानस के पावन प्रसंग जटायु-राम संवाद, केवट-राम संवाद, शबरी नवधा भक्ति, अहिल्या उद्धार एवं अन्य विविध प्रसंगों पर ग्रामीणजनों को व्याख्यान दिया। पितृ श्राद्ध पर सरल शब्दों में प्रभावित कर पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समापन में सीतारामशरण मानस मंडली ने लोकगीत पर आधारित कायखंडी श्रद्धांजलि भजन की प्रस्तुति दी, जिससे ग्रामीणजन मंत्रमुग्ध एवं भावविभोर हुए। मार्गदर्शक हीरालाल साहू, अशोक साहू, भुवन साहू, सीताराम यादव, देवशरण साहू, मां कौशिल्या जिला मानस संघ शक्ति केंद्र आरंग के पदाधिकारियों तथा मानस मर्मज्ञों को रामनाम गमछा व श्रीफल से आयोजक समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

पोषण के आंगन में सजा : नन्हों का अन्नप्राशन

अन्नप्राशन, सम्मान और पौष्टिक व्यंजनों का दिखा अनूठा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक ऋतु परिहार के मार्गदर्शन में ग्राम कुकरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में आज 'आंगन मिलन सेवा समारोह' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला मोर्चा अध्यक्ष हेमलता साहू, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शारदा साहू, जनपद सदस्य कृष्णा साहू, सरपंच नंदलाल डहरिया, उद्योग एवं सहकारिता सभापति महेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य रोहिणी साहू, ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डोमेंद्र साहू तथा किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष दीनदयाल साहू की विशेष उपस्थिति रही।

समाज में जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों को उनके निष्ठावान कार्यों के लिए मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पोषण के प्रति जागरूकता फैलाते हुए आंगनबाड़ी सहायिका ललिता साहू द्वारा एक विशेष 'लाइव डेमो' प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुनगा (सहजन) की भाजी और विभिन्न पौष्टिक सब्जियों का उपयोग कर स्वादिष्ट व सेहतमंद दलिया बनाने की विधि दिखाई। समारोह को रोचक और उत्साहपूर्ण बनाने के लिए ग्रामीण महिलाओं के लिए 'गुब्बारा दौड़' और 'मेहंदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस पूरे आयोजन के दौरान रोहिणी साहू, लिपाक्षी मानिकपुरी, सेवती साहू, आंगनबाड़ी सहायिका ललिता साहू सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पाहन्दा के आंगन मिलन हुआ अन्नप्राशन कार्यक्रम

आरंग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पाहन्दा में आंगन मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। आंगन मिलन कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों और महिलाओं तक पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर जनपद सदस्य कृष्ण कुमार साहू, सरपंच टीकम चंद साहू, उपसरपंच सोनिया साहू, पंचगण शोभा राम डोंगरे, दिलेश्वरी साहू, पूर्णिमा यादव, चुनिया साहू एवं गांव के पूर्व उपसरपंच शोभा राम साहू, मोहन साहू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहे।



सेमरिया में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

आरंग। आरंग ब्लॉक के ग्राम सेमरिया में परियोजना आरंग सेक्टर सेमरिया ग्राम-सेमरिया अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारणी चंद्राकर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सेमरिया की सरपंच कुमारी साहू, उपसरपंच अश्वनी कुमार साहू, सचिव संतोष कुमार साहू, पंचगण संगीता साहू पंच, तिजन निषाद पंच, चेतन गिरी गोस्वामी पंच प्रतिनिधि, पुनऊराम साहू पंच, सोमनाथ देवांगन पंच, समस्त पंचगण, पंचायत रोजगार सहायक धनेश कुर्रे, शा. पूर्व मा. शाला, सेमरिया प्रधान पाठक, कार्यक्रम में पालकगण एवं प्रतिनिधि ग्रामीण सदस्य, सुपरवाइजर प्रमिला गनवीर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उबा सिन्हा, रामकली दीवान, सहायिका मीना यादव, लक्ष्मी पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खिलेश्वरी साहू, ग्राम समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संतुलित पोषण आहार संबंध में पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन का आधार है।



उद्यान बदहाल : साफ-सफाई, जलभराव और जिम मशीनों के खराब होने से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नगर के बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए सुबह-शाम भ्रमण और मनोरंजन का प्रमुख स्थान आरंग का उद्यान इन दिनों बदहाल स्थिति से गुजर रहा है। नगर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण इस उद्यान में कई व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं, जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उद्यान परिसर में जगह-जगह अनचाहे पौधे एवं झाड़ियां उग आई हैं। वहीं कई स्थानों पर पानी भरा होने के कारण बच्चों को खेलने और उद्यान का आनंद लेने में परेशानी हो रही है। नियमित साफ-सफाई एवं रखरखाव की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है। इसके अलावा उद्यान में स्थापित ओपन जिम की कई मशीनें अथवा उनके महत्वपूर्ण पार्ट अब उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं। ऐसे में खराब मशीनों की मरम्मत करने अथवा आवश्यकता अनुसार नई मशीनें लगाए जाने की जरूरत है, ताकि युवा एवं अन्य नागरिक इसका लाभ उठा सकें।

इस संबंध में पूर्व में भी समाजसेवी गोपाल शुक्ला द्वारा उद्यान की समस्याओं को लेकर आवाज उठाई गई है। नगरवासियों की मांग है कि आरंग के इस महत्वपूर्ण उद्यान की समुचित साफ-सफाई, जल निकासी, अनचाहे पौधों की कटाई, नियमित रखरखाव तथा ओपन जिम की खराब मशीनों की मरम्मत या नई मशीनों की व्यवस्था शीघ्र की जाए।

नगरवासियों का कहना है कि उद्यान को बेहतर स्वरूप मिलने से बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण में भ्रमण, व्यायाम और मनोरंजन की सुविधा मिल सकेगी।

भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की सांठगांठ से लोकतंत्र की हत्या : डॉ. डहरिया

आरंग। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने राज्य में



ए स आ ई आ र (विशेष गहन पु न री क्ष ण) प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से करीब 25 लाख नागरिकों के नाम हटाए जाने को केंद्र की भाजपा सरकार और भारत निर्वाचन आयोग का एक सुनियोजित षड्यंत्र करार दिया है। केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग अपनी निष्पक्षता को ताक पर रखकर काम कर रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए खुलासा किया कि छत्तीसगढ़ में एसआईआर के नाम पर 24,99,823 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कुल वोटों का अंतर मात्र 6,32,382 (4.04%) था। पूर्व मंत्री ने बताया कि हटाए गए कुल नामों में से 19,13,540 मतदाताओं को मनमाने ढंग से 'शिफ्टेड' या 'एब्सेंट' श्रेणी में डालकर विलोपित कर दिया गया है।

कांग्रेस नेता डॉ. शिवकुमार डहरिया की मांग

चुनाव आयोग साबित करे निष्पक्षता: भारत निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार का टूल बनने के बजाय अपनी संवैधानिक निष्पक्षता साबित करे और हटाए गए सभी 24.99 लाख नामों की पारदर्शी व व्यक्तिगत समीक्षा करे। समीक्षा रिपोर्ट सार्वजनिक हो, किस आधार पर और किसकी रिपोर्ट पर 19 लाख से अधिक लोगों को 'शिफ्टेड/एब्सेंट' बताकर उनका नाम काटा गया, उसकी सूची सार्वजनिक की जाए और नाम तुरंत बहाल किए जाएं।

तेज रफ्तार वाहन बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल

- घटना के बाद, गाड़ी में मिली स्क्रैप से भरा संदिग्ध वाहन

आरंग। आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में ग्रामीणों ने चोरी के लोहे के शक में एक पिकअप (डीआई बोलेरो) वाहन (क्र. डब्लू बी 57 इ 7504) को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। यह वाहन पश्चिम बंगाल पासिंग का बताया जा रहा है, जिसमें अवैध रूप से लोहा ले जाए जाने की आशंका जताई जा रही है। किशन यादव, मनीष यादव और गजेंश्वर बंजारे अपनी बाइक से सड़क किनारे जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक डीआई बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर से तीनों युवक सड़क पर गिर गए और मनीष यादव घायल हो गया। हादसे को देखकर मौके पर ग्रामीण एकत्र हो गए। जब उन्होंने चालक से पूछताछ की और गाड़ी की तलाशी ली, तो उसमें बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप भरा हुआ मिला। ग्रामीणों ने जब चालक से लोहे के स्रोत और गंतव्य के बारे में पूछा, तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। इससे चोरी के लोहे का संदेह और गहरा गया। संदेह होने पर ग्रामीणों ने तुरंत '112' नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। 112 की टीम मौके पर पहुंची और वाहन को आरंग थाने ले आई। इसके बाद शिकायतकर्ता तिलक देवांगन, किशन यादव, मनीष यादव और गजेंश्वर बंजारे थाने पहुंचे और पूरी घटना की लिखित जानकारी देते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यह पश्चिम बंगाल पासिंग वाहन अवैध रूप से चोरी का लोहा परिवहन कर रहा है, जिसकी गहनता से जांच होना आवश्यक है। थाना प्रभारी नरेश साहू ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वाहन को आरंग थाने लाया गया है।

पोषण को लेकर आंगन मिलन में जुटा गांव

आरंग। आंगनवाड़ी केंद्र में 3 अक्टूबर को आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से समुदाय को जोड़ना। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि कविता साहू, लता साहू, कृष्ण कुमार साहू, रिंकू चंद्राकर, सरपंच राजेश खूंटे समेत ग्रामीण मौजूद रहे। अतिथियों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इन्द्रुमती साहू, सहायिका बिसनी साहू का सम्मान किया और स्वस्थ बच्चों को पुरस्कृत किया। बच्चों को सुपोषण किट, खिलौने और स्टेशनरी दी गई तथा न्योता भोज कराया गया।



इस्पात में मजदूरों की मांगों को लेकर इंटक ने उठाई आवाज

सिलयारी। एमएस मारवी इस्पात सिलतरा में कार्यरत मजदूरों की ओर से नियमानुसार बोनस का भुगतान, समय पर उचित वेतन, नौकरी की सुरक्षा, बिना उचित कारण छंटनी पर रोक, श्रम कानूनों के तहत मिलने वाले सभी वैधानिक लाभ और मजदूरों की शिकायतों का तत्काल निराकरण किए जाने की मांग उठाई गई है। इन मांगों को लेकर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिला कोषाध्यक्ष मनोज वर्मा ने कंपनी प्रबंधन से श्रमिकों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। मनोज वर्मा ने आरोप लगाया कि कंपनी में काम करने वाले मजदूरों को बोनस और भुगतान से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूर पूरे वर्ष मेहनत कर उत्पादन में अपना योगदान देते हैं, इसलिए उन्हें उनके श्रम के अनुरूप उचित वेतन, नियमानुसार बोनस और अन्य वैधानिक लाभ समय पर मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बोनस और भुगतान के नाम पर मजदूरों को परेशान किया जाता है तथा कई बार उन्हें काम से हटा दिया जाता है। इसलिए मजदूरों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और छंटनी अथवा सेवा समाप्ति के मामलों में लागू श्रम कानूनों और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए। इंटक ने मांग की है कि पात्र मजदूरों को नियमानुसार बोनस का भुगतान किया जाए और बोनस अथवा भुगतान के नाम पर किसी भी मजदूर को काम से हटाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मनोज वर्मा ने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए कंपनी प्रबंधन और श्रमिक प्रतिनिधियों के बीच नियमित संवाद होना चाहिए। मजदूरों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका समयबद्ध निराकरण किया जाना चाहिए, ताकि श्रमिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार भटकना न पड़े। वर्मा ने कहा कि यदि मजदूरों की समस्याओं और मांगों का उचित समाधान नहीं किया गया तो राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) मजदूरों के हित में आगे की कार्रवाई करेगी।

समुदेश्वर महादेव परिसर में स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं सेवा संकल्प के तहत समुदेश्वर महादेव, परागण में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान समोदा मंडल अध्यक्ष देव कुमार साहू, जिलामंत्री पीला राम निषाद, मनीराम साहू, डॉ. नेतराम वर्मा, नगर पंचायत समोदा उपाध्यक्ष अंगेश्वर देवांगन, वार्ड पार्षद राजेश कुमार साहू, शेषनारायण चक्रधारी, अमर निषाद, समोदा मंडल मीडिया प्रभारी खुलेश कुमार साहू, सह मीडिया प्रभारी बृजेश्वर बंजारे, शिवकुमार यादव एवं शीतल पांडे उपस्थित रहे।

तामासिवनी में गांधी-शास्त्री जयंती पर सेवा कार्यक्रम

आरंग। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत तामासिवनी में श्रद्धांजलि एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद एवं बुजुर्ग ग्रामीणों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान कर उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सभापति कृषि विवेक तिवारी, ग्राम पंचायत तामासिवनी के सरपंच श्याम साहू, उपसरपंच दिवाकर साहू सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विवेक तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, सेवा, सत्य और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही उनके आदर्शों को वास्तविक रूप से आगे बढ़ाने का एक माध्यम है।



संस्था के मार्गदर्शन पर देशभर के स्कूल में पोषण सेवा जारी

साईं श्योर न्यूट्रिशन कार्यक्रम में 500 बच्चों को मिलेगा पोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



1 अक्टूबर को श्री सत्य साईं अन्नपूर्णा ट्रस्ट ने छत्तीसगढ़ में साईं श्योर न्यूट्रिशन कार्यक्रम का पायलट शुभारंभ किया है। पहले चरण में रायपुर जिले के तीन शासकीय विद्यालयों - नवीन प्राथमिक शाला नवागांव, प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परसदा और शासकीय विद्यालय छेरीखेड़ी के लगभग 500 बच्चों को निःशुल्क पोषण सहायता दी जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक-अध्यक्ष सद्गुरु श्री मधुसूदन साईं के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संचालित हो रहा है। ट्रस्ट वर्तमान में देश के 25 राज्यों व 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 1 करोड़ से अधिक स्कूली बच्चों को प्रातःकालीन पोषण सेवा दे रहा है। जुलाई 2026 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्य साईं ग्राम मुद्देनहल्ली में सद्गुरु से भेंट कर पोषण, स्वास्थ्य व शिक्षा में सहयोग पर चर्चा की थी, उसी पहल के तहत छत्तीसगढ़ में यह पायलट शुरू हुआ है। सफलता के आधार पर इसे अन्य जिलों के शासकीय विद्यालयों में विस्तार दिया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद कडली, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल की टीम मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों को साईंश्योर न्यूट्रिशन का वितरण किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सतीश नायर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, श्री सत्य साईं अन्नपूर्णा ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद कडली, एसएमडीसी अध्यक्ष ओमन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि पिंटू चंद्राकर, सरपंच श्रीमती डोंगरे, वार्ड पंच श्रीमती अमरेश्वरी डोंगरे, प्राचार्य श्रीराम बंडारू, महेंद्र चंद्राकर, श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल की टीम की सहभागिता रही। ट्रस्ट का संकल्प है - कोई भी बच्चा भूखा स्कूल न जाए।

अमर ज्योति संघ ने मनाई गांधी जयंती

आरंग। अमर ज्योति दिव्यांग कल्याण संघ, आरंग द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन खमतराई रोड स्थित दिव्यांग भवन, वार्ड क्रमांक 3 में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद नरेंद्र लोधी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष मिलाप दास मानिकपुरी, उपाध्यक्ष जनक राम लोधी, सचिव मंतराम बघेल, संरक्षक नरसिंग धीवर, कोषाध्यक्ष झमन देवदास, सलाहकार बंसीलाल साहू एवं सह सचिव लक्ष्मी नारायण साहू उपस्थित रहे। सदस्यों में मालती मधु मानिकपुरी, छोटन बारले, चैतराम निषाद, दुलौरीन निषाद, नेतराम साहू, केकती साहू, भुनेश्वर बारले, देवन दास कुर्रे, जयप्रकाश साहू सहित सहयोगी कौशल दास मानिकपुरी एवं अन्य दिव्यांग साथी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की निस्वार्थ सेवा को नमन : अंजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित 'सेवा संकल्प' पखवाड़े के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरदा में विशेष 'आंगन मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बाल विकास की आधारस्तंभ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिये सम्मानित करना था।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, मुख्य अतिथि के रूप में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम प्रभारी सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मान पत्र प्रदान कर शॉल-श्रीफल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मछुआरा संघ के उपाध्यक्ष लखन धीवर (कार्यक्रम प्रभारी), रोबिन साहू जिलामंत्री, रिखी राम साहू प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य, मंडल महामंत्री राजेंद्र विश्वकर्मा, सुरेश साहू, रवि कुर्रे शक्ति केंद्र प्रभारी, युवामोर्चा अध्यक्ष मयंक यादव, संतोष साहू, सीमा शर्मा एवं सरपंच बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित रहे ।

विंटर शेड्यूल में एयर इंडिया बढ़ाएगी दिल्ली की उड़ान, वाराणसी से हवाई संपर्क की बढ़ी संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माह के अंतिम सप्ताह में आने वाले विंटर शेड्यूल में एयर इंडिया दिल्ली की उड़ान बढ़ाने वाली है। अब तक तीन फ्लाइट के माध्यम से रायपुर-दिल्ली की कनेक्टिविटी देने वाली एयरलाइंस कंपनी चौथी उड़ान शुरू करेगी। विंटर शेड्यूल में अलायंस एयर तीन शहरों को जोड़ते हुए वाराणसी से रायपुर को कनेक्ट कर सकती है। रायपुर से पटना सहित अन्य शहरों से फ्लाइट शुरू होने प्रस्ताव को हरी झंडी मिलने का इंतजार है।

- 25 अक्टूबर से लागू होगा, विमानों के समय में दस मिनट तक बदलाव भी

वर्तमान में रायपुर से सबसे ज्यादा यात्री और फ्लाइट दिल्ली के लिए संचालित होती है। नियमित रूप से इंडिगो अपनी चार और एयर इंडिया तीन विमानों का संचालन करती है। आने वाले दिनों यानी 25 अक्टूबर से विमानों का संचालन ठंड के मौसम को देखते हुए होगा। इस दौरान देशभर में कई विमानों का शेड्यूल और संचालन में बदलाव होगा। 25 अक्टूबर से रायपुर से आने और जाने वाली सुबह और रात के शेड्यूल वाली फ्लाइट्स की टाइमिंग में पांच से दस मिनट का बदलाव होगा। इस बीच यहां से नई फ्लाइट शुरू किए जाने की संभावना भी बनी हुई है। दिल्ली-रायपुर-दिल्ली के शेड्यूल में एयर इंडिया की चौथी फ्लाइट शामिल हुई है। इसके बाद रायपुर से दिल्ली के लिए सुबह 8 बजे, 9.40 बजे, दोपहर 1.30 बजे तथा रात 8.25 बजे फ्लाइट का संचालन किया जाएगा। चौथी फ्लाइट के बाद दोनों राजधानी के यात्रियों अपने सफर के लिए एक और विकल्प मिलेगा।

पटना सहित अन्य शहरों के प्रस्ताव पर हरी झंडी के लिए टिकी निगाहें

हरी झंडी मिलने का इंतजार

दिल्ली की नई फ्लाइट के अलावा अलायंस एयर ने रायपुर-अंबिकापुर-बनारस की फ्लाइट का शेड्यूल बनाकर उसे ओके करने डीजीसीए को भेजा है, जिसे आने वाले दिनों में हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े रमन जादवानी ने बताया कि कंपनियों के पास रांची, पटना के साथ प्रयागराज की फ्लाइट शुरू करने का प्रस्ताव है और इसे हरी झंडी मिलने का इंतजार है।



27 मार्च तक विंटर शेडयूल

विमानन कंपनियां देश-विदेश में पड़ने वाली ठंड को ध्यान में रखते हुए अपने विमानों का संचालन करती है। विंटर शेड्यूल 25 अक्टूबर से 27 मार्च तक लागू होता है। इस दौरान सुबह संचालित होने वाली फ्लाइट्स की टाइमिंग में बदलाव किया जाता है। रायपुर में सुबह पहली और रात में अंतिम फ्लाइट दिल्ली के लिए संचालित होती है। ठंड के मौसम में उनके शेड्यूल में दस मिनट तक बदलाव होने की उम्मीद रहती है।

खबर संक्षेप



भोजराम कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार प्रचार-प्रसार मंत्री

रायपुर। जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण की बैठक सामाजिक भवन में रविवार को हुई। जहां सभी लोगों ने युवक-युवती परिचय एवं आदर्श सामुहिक विवाह के आयोजन के लिए चर्चा की। साथ ही नए अध्यक्ष द्वारा 3 माह का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कुछ नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया, जिसमें अमनपुर के भोजराम साहू को जिला रायपुर ग्रामीण का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया और खोरपा परिक्षेत्र से रामकुमार साहू को जिला साहू संघ ग्रामीण के प्रचार-प्रसार मंत्री का दायित्व दिया गया। सभी तहसील एवं परिक्षेत्र द्वारा एक साथ काम करने का सुझाव दिया गया, वहीं व्यवहार सबके लिए एक जैसा होना चाहिए। बैठक में विधायक इन्द्रकुमार साहू, अध्यक्ष हिरामन साहू, पंचराम साहू, उपाध्यक्ष धनमति साहू, उपाध्यक्ष पोषण साहू, सभी तहसील अध्यक्ष, 29 परिक्षेत्र के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

निधन

ममता पारेख

रायपुर। दानीबाड़ा बुढ़ापारा निवासी ममता पारेख (66) का 3 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे मुकेश पारेख की पत्नी थीं।



35 के टेम्प्रेचर में 40 डिग्री की गर्मी, तेज धूप बढ़ा रही बेचैनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून की विदाई शुरू होने के बाद प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को अधिकतम 35 डिग्री के टेम्प्रेचर में लोगों को 40 डिग्री की गर्मी महसूस हुई। कड़ी हो रही धूप में अभी बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है और वातावरण में मौजूद नमी बेचैनी बढ़ा रही है। रायपुर छोड़ चुके मानसून की चाल थोड़ी धीमी हुई है, मगर इसके शेष इलाके में ठहरने की उम्मीद कम है। मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना भी नहीं है।

- मौसम में बड़ा बदलाव फिलहाल नहीं

राज्य में बारिश का दौर समाप्त हो चुका है और इसकी वापसी की गुंजाइश काफी कम है। 6 अक्टूबर को एक सिस्टम तैयार हो रहा, मगर यह छत्तीसगढ़ को हल्की बारिश अथवा बादलों के अलावा ज्यादा प्रभावित नहीं करेगा। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद ठंड की शुरुआत होने से पहले गर्मी अपना असर दिखाएगी और इसकी शुरुआत हो चुकी है। पिछले कुछ दिनों से गर्मी का अहसास हो रहा है और एसी-पंखों का उपयोग जोरों से शुरू हो चुका है। दिन का अधिकतम तापमान भले ही 34-35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा हो, मगर तेज धूप से 40 डिग्री की गर्मी महसूस हो रही है। रात का तापमान 23-24 डिग्री है और बेचैनी से राहत सुबह होने के बाद ही मिल रही है। राज्य के उत्तरी इलाकों में सुबह-सुबह ठंड का प्रभाव जल्दी महसूस होने लगेगा, मगर मध्य में इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा।

आईएनसी ने तय की है 31 अक्टूबर अंतिम तिथि, नर्सिंग की पढ़ाई करने वालों में संशय

नर्सिंग कालेजों की मान्यता सूची में विलंब, प्रवेश में होगी देर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निरीक्षण का काम पूरा करने के डेढ़ माह बाद भी सीजीएनआरसी निजी नर्सिंग कालेजों की मान्यता सूची जारी नहीं कर पाया है। इसकी वजह से आयुष विवि से संबद्धता और एडमिशन के लिए काउंसिलिंग का शेड्यूल भी अटका है। एडमिशन के लिए कालेज प्रबंधन के साथ विद्यार्थियों में भी संशय की स्थिति बन रही है क्योंकि आईएनसी ने प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तय किया है। राज्य में बीएससी की 7800 समेत करीब 10 हजार सीटों पर प्रवेश दिया जाना है।

- बीएससी की 78 सौ समेत 10 हजार सीटों पर होना है प्रवेश, इस सत्र में 9 नए सरकारी कालेज

राज्य में इस बार नौ शासकीय नर्सिंग कालेजों में भी एडमिशन दिया जाना है। इन कालेजों को स्थापित करने के लिए शासन स्तर पर फैकल्टी की व्यवस्था की जा रही है। इन्हें मिलाकर राज्य में निजी और सरकारी के करीब डेढ़ सौ नर्सिंग कालेज होने का अनुमान है। नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए पहले 30 सितंबर की अंतिम तारीख तय हुई थी। भारतीय नर्सिंग काउंसिल ने आवश्यकता को देखते हुए इसके 30 अक्टूबर तय किया है।

छत्तीसगढ़ में इसकी प्रक्रिया इतनी धीमी है कि इस अवधि में प्रवेश का काम पूरा होने की संभावना कम है। वर्तमान में नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने निजी नर्सिंग कालेजों की मान्यता सूची जारी नहीं है जबकि निरीक्षण का काम अगस्त में पूरा हो चुका है। इसके बाद आयुष विवि इन्हें अपनी संबद्धता प्रदान करेगा और तब चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग के लिए शेड्यूल जारी करेगा। जानकारों का तर्क है कि प्रवेश प्रक्रिया में हो रही देरी की वजह से इस विषय में पढ़ाई की दिलचस्पी रखने वाले अभ्यर्थी संशय की स्थिति में है और दूसरे क्षेत्र में भविष्य बनाने की सोचने लगे हैं।

सीजीएनआरसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सूची तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है। संभवतः अगले दो से तीन दिनों में इसे जारी कर दिया जाएगा। इस आधार पर संबद्धता की प्रक्रिया पूर्ण होते ही काउंसिलिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों से पंजीयन की शुरुआत कर दी जाएगी।

काउंसिलिंग फंसी



कारणों पर कई चर्चा

मान्यता सूची जारी नहीं होने के कारणों पर विभिन्न तरह की चर्चा हो रही है। पहले तो इसे खुलने वाले नौ नए सरकारी कालेजों से जोड़कर देखा जा रहा है। इन कालेजों की मान्यता दिलाने के लिए आईएनसी की गाइडलाइन के हिसाब से फैकल्टी और अन्य संसाधन जुटाने का काम पूरा किया जा रहा है। राज्य में अभी आठ सरकारी कालेज में नर्सिंग की पढ़ाई हो रही है। दूसरा कारण, आईएनसी के उपयुक्तता सर्टिफिकेट को माना जा रहा है। करीब 43 कालेजों की मान्यता को इसकी वजह से संदेह के दायरे में खड़ा किया गया है। हालांकि सीजीएनआरसी ने इन कालेजों को भी अपनी निरीक्षण सूची में शामिल किया था।

सात कालेजों की मान्यता हो चुकी है रद्द

शासन ने काफी समय पहले विभिन्न तरह की कमियों का हवाला देते हुए सात निजी नर्सिंग कालेजों की मान्यता रद्द कर दी थी। इन कालेजों को इस बार प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। ये नर्सिंग कालेज रायपुर के अलावा जशपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद जिले से संबंधित थे। इसके बाद भी कई कालेजों में कमियां गिनाई गई थीं।

छत्तीसगढ़ में तीसरे मोर्चे की कवायद तेज, कई दलों की संयुक्त बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तीसरे मोर्चे के गठन की कवायद तेज हो गई है। इस सिलसिले में विभिन्न क्षेत्रीय दलों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक मोर्चों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक तेलीबांधा स्थित होटल बेबीलॉन कैपिटल में रखी गई। इस दौरान तीसरे मोर्चे को एकजुट होकर भाजपा और कांग्रेस के विकल्प के रूप में मजबूती से चुनाव मैदान में उतारने पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, क्षेत्रीय अस्मिता और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर संयुक्त रणनीति बनाई जाएगी।

- दूसरे चरण की बैठक में साझा घोषणापत्र और सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय

बैठक में इन पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल

बहुजन समाज पार्टी प्रतिनिधि मंडल जोन प्रभारी खटकर, छत्तीसगढ़िया पार्टी के देवराज साहू, छत्तीसगढ़ स्वाभिमान मंच से पूरन लाल साहू, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से मिथिलेश कुमार, भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के मनोज बंजारे, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जितेंद्र बंजारे, हमर राज पार्टी के विनोद नागवंशी, बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के नवनीत चांद, छत्तीसगढ़ महतारी पार्टी के विवेक पटेल शामिल हुए।

दूसरे चरण की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा : सूत्रों के अनुसार, जल्द ही दूसरे चरण की बैठक कर सीट बंटवारे और साझा घोषणापत्र पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सभी ने एक स्वर में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ भी प्रस्ताव पारित किया कि चुनाव में पारदर्शिता आवश्यक है, जो वर्तमान में संदिग्ध नजर आ रही है।

पॉवर कंपनी के पीआरओ विकास को राष्ट्रीय राजभाषा गौरव सम्मान



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंधक (जनसंपर्क) विकास शर्मा को ऊर्जा क्षेत्र के विकास पर केंद्रित शोध परक पुस्तक लेखन एवं संपादन के लिए राष्ट्रीय राजभाषा गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय राष्ट्रीय राजभाषा सम्मेलन में उन्हें यह सम्मान दिया गया। समारोह में राज्यसभा सांसद डॉ. नरेश बंसल, टैगोर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे, सम्मेलन के संयोजक डॉ. अजीत पाठक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। 3 और 4 अक्टूबर को आयोजित सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन, हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हिंदी पत्रकारिता, हिंदी में शोध तथा गैर-हिंदीभाषी राज्यों में राजभाषा के प्रयोग जैसे विषयों पर विमर्श हुआ। सम्मेलन में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेल, नालको और एनएमडीसी सहित प्रमुख सार्वजनिक उपक्रमों समेत निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

कोटा में गाड़ा समाज ने मनाया नुआखाई मिलन



रायपुर। रायपुर पश्चिम परिक्षेत्र के कोटा वार्ड अंतर्गत कुर्लूभाटापारा में गाड़ा समाज द्वारा भव्य सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन उत्साह एवं सामाजिक एकता के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलदेवी देवता बूढ़ी मां, मां समलेश्वरी एवं भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान समाज की एकता, शिक्षा, नशामुक्ति, आर्थिक-सामाजिक प्रगति और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय गांड़ा महासमाज के संस्थापक, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि, समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकता और शिक्षा है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनकर्ता अधिवक्ता कैलाश हरपाल व कार्यक्रम के सहप्रभारी मनोज सोना ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता भगवानू नायक, कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय प्रभारी बनमाली छुरा तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय युवा प्रभारी आशीष तांडी का मोहल्लेवासियों एवं समाजजनों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत कर तिलक लगाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में रोहित नायक, बबलू महानंद, बनमाली छुरा, आशीष तांडी, अधिवक्ता कैलाश हरपाल, जितेंद्र नायक आदि उपस्थित थे।

अस्पताल वाले बाबा का सालाना उर्स आज से



रायपुर। हजरत सैयद बंदे अली शाह रहमतुल्लाह अलैह (डीके अस्पताल वाले बाबा) का 6 दिवसीय उर्स पाक 5 से 10 अक्टूबर तक शानो-शौकत और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। उर्स के दौरान जायरीन के लिए प्रतिदिन दोपहर 2 बजे और शाम 7 बजे आम लंगर की व्यवस्था रहेगी। उर्स का आगाज सोमवार को बाद नमाज-ए-मगरिब परचम कुशाई के साथ होगा। शाम 7 बजे बज्म-ए-अकीदत ग्रुप द्वारा नातिया प्रोग्राम पेश किया जाएगा। यह जानकारी खादिम-ए-आस्ताना हाजी सैयद जाफर अली ने देते हुए बताया कि दूसरे दिन 6 अक्टूबर को रात 9 बजे नागपुर के सुल्तान रजा व अबरार रजा कादरी की नातिया महफिल होगी। 7 अक्टूबर को शाम 7 बजे चिश्तिया सूफी ग्रुप द्वारा नातिया प्रोग्राम तथा रात 10 बजे सिद्दीक हसन (झारखंडी बाबा साहेब किबला) की तकरीर होगी। 8 को शाम 6 बजे शाही संदल व चादर शरीफ का कार्यक्रम होगा। संदल व चादर शरीफ आस्ताना-ए-आलिया से निकलकर शहर का गश्त करते हुए वापस आस्ताना-ए-आलिया पहुंचेगा।

पीएम मोदी की जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर 7 को कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और देशसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा 7 अक्टूबर को राज्य में विभिन्न सामाजिक और सेवाकार्य किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ शिवसेना के महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष मधुकर पांडेय और प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह ने पत्रकारवार्ता में बताया कि इस विशेष अवसर पर जरूरतमंद माताओं और बहनों को साड़ियों का वितरण किया जाएगा, जिसमें राजधानी रायपुर के फूल चौक स्थित नवीन बाजार में दोपहर 2 बजे से विभिन्न समाजसेवा और जनहित के कार्यक्रम रखे गए हैं। यह आयोजन श्री मोदी के मुख्यमंत्री (गुजरात) से लेकर प्रधानमंत्री कार्यकाल तक की 25 साल की निरंतर जनसेवा यात्रा के उपलक्ष्य में हो रहा देशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री आरएसएस से जुड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हुए।

पेज 11 के शेष ...

खारुन पुल से 6 घंटे में 80 हजार...

वाले ट्रैफिक की आवाजाही आसानी से होगी। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग ने ऑनलाइन टेंडर कर ब्रिज निर्माण के लिए अभनपुर की वेदांता कंस्ट्रक्शन को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। 21 करोड़ 10 लाख की लागत से नया ब्रिज का निर्माण होगा। दरअसल, वर्तमान में रायपुरा और अमलेश्वर की मुख्य सड़क से आवाजाही बढ़ने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। कुम्हारी नेशनल हाइवे का ट्रैफिक डायवर्ट होने की स्थिति में रायपुर दुर्ग के बीच आवाजाही महादेवघाट के खारुन नदी अमलेश्वर से होती है। ऐसे में कई बार दोनों तरफ ट्रैफिक जाम के हालात बनने लगे हैं। अमलेश्वर सहित आसपास के क्षेत्र में बसाहट तेजी से विकसित हुई है। इसे देखते हुए लोक निर्माण ब्रिज डिवीजन ने खारुन नदी में नया ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई है। वह काम अब शुरू हो रहा है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा निर्माण के लिए खुदाई कराई जा रही है। बीच नदी में 8 स्पॉन का निर्माण होगा। पुराने ब्रिज से इस नए ब्रिज की ऊंचाई ज्यादा होगी, ताकि बाढ़ की स्थिति में दोनों तरफ से संपर्क न टूटे।

सफाई के लिए दिहाड़ी मजदूर ...

मजबूत कर दी गई है। खास बात ये भी है कि मंडल के प्रत्येक स्टेशन में अब 24 घंटे आरपीएफ की तैनाती कर दी गई है। जब हरिभूमि ने निरीक्षण किया तो पता चला कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और स्टेशन भवन के टूटे-खराब हिस्सों में गेटर शीट, कोटा स्टोन, ग्रेनाइट और चाकर टाइल्स की मरम्मत की जा रही है। पाइपलाइन सुधारने के साथ जरूरत वाले हिस्सों में पेंटिंग भी की गई है। यात्री सुविधाओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें बैठने की व्यवस्था, एसी और पानी जैसी सुविधाओं को मेंटेन किया जा रहा है।

एक ही दिन में गुमशुदगी के...

बताया जा रहा है, पुलिस ने जो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है, उनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। लापता होने वाली महिलाओं में बड़ी संख्या में घरेलू हिंसा से प्रताड़ित तथा प्रेम-प्रसंग के कारण महिलाओं के लापता होने की पुलिस ने आशंका जताई है। पुलिस ने उन गुम इंसानों के प्रकरण में बीएनएस की धारा 140 के तहत अपराध दर्ज किया है। अफसरों की फटकार के बाद संबंधित थानों की पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अब पुलिस उन गुम इंसानों के बारे में जानकारी जुटाएगी और उनकी खोजबीन कर परिजनों के सुपुर्द करेगी।

घर बैठे बांट रहे थे सरकारी ...

पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मास्टर माइंड पूर्व में भी ठगी के आरोप में जेल जा चुका है। ठगी के आरोप में पुलिस ने रायगढ़ निवासी प्रदीप पंडा, दिलविजय मिरी तथा जशपुर निवासी मुनेश्वर राम भगत को गिरफ्तार किया है। प्रदीप के खिलाफ रायगढ़ निवासी प्रांजल आचार्य एवं उसकी बहन प्रियंका ने थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दोनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रदीप ने उन्हें खुद को वित्त विभाग में अधीक्षक के पद पर कार्यरत होना बताया था। आरोपी ने एक बहन को वित्त विभाग में तथा दूसरी को सहायक ग्रेड तीन कंम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगवाने साढ़े आठ लाख रुपए वसूले थे।

वाट्स एप में भर्ती संबंधित...

किया गया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है कि मुख्य आरोपी प्रदीप पंडा द्वारा मंत्रालय महानदी भवन, वित्त विभाग के सचिव के नाम से फर्जी सील तैयार कराई गई थी तथा उनका हस्ताक्षरयुक्त कूटरचित ज्वाइनिंग लेटर तैयार कर प्रियंका आचार्य को दिया गया था। जांच के दौरान दिलविजय तथा भुवनेश्वर राम की संलिप्तता पाए जाने पर पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार किया है।

किराना कारोबारी को डिजिटल...

कहा कि उनके नाम पर अरेस्ट वारंट है। वारंट का कारण बताते हुए कहा कि आईसीआईसीआई बैंक में करोड़ों की ठगी हुई है। उस ठगी की रकम ट्रांजेक्शन करने में तुम्हारे अकाउंट का इस्तेमाल किया गया है। इस कारण कोर्ट के आदेश के बाद तुम्हें अरेस्ट करना पड़ेगा। इसके बाद जालसाज ने कारोबारी को गिरफ्तारी से बचने के लिए उनके वेरिफाई अकाउंट से रकम ट्रांसफर करने के लिए कहा और अलग-अलग अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया। ***दो माह तक मानसिक प्रताड़ना:*** कारोबारी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाज उन्हें दो माह तक मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। साथ ही किसी को इस संबंध में जानकारी देने पर उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले जाने की धमकी देता रहा। इससे कारोबारी बुरी तरह से डर गया। जालसाज ने कारोबारी से उनकी प्रोफाइल की जानकारी जुटाने के बाद कॉल कर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराई। साथ ही उसे जांच पूरी होने के बाद रकम लौटाने का झांसा देता रहा।

कैंटीन सहित पुस्कालय का...

भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और रुपे कार्ड जैसे डिजिटल माध्यमों को बढ़ावा देने को कहा है। सीबीएसई ने कम कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में स्थित स्कूलों के लिए भी विकल्प बताए हैं। ऐसे स्कूल यूपीआई लाइट, यूपीआई लाइटएक्स और यूपीआई123पे जैसे माध्यम अपना सकते हैं। इसका उद्देश्य कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी डिजिटल भुगतान को आसान बनाना है। बोर्ड ने स्कूलों को केवल डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू करने के बजाय विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य संबंधित लोगों को इसका इस्तेमाल समझाने के लिए प्रदर्शन और मार्गदर्शन देने को भी कहा है।

तैयार होगी प्रोत्साहन योजना...

शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही स्कूल स्तर पर अभियान चलाकर वित्तीय साक्षरता से जुड़े विषयों की जानकारी दी जा सकती है। इनमें डिजिटल भुगतान भी शामिल होगा। बोर्ड ने यह भी बताया है कि स्कूल बार-बार होने वाले भुगतानों को आसान बनाने के लिए अपने उद्यम संसाधन नियोजन (ईआरपी) सिस्टम को डिजिटल भुगतान व्यवस्था से जोड़ सकते हैं। इसमें कर्मचारियों के वेतन जैसे नियमित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं।

तीन महीने ऑनलाइन कोर्स और एक माह का कैपस्टोन प्रोजेक्ट

एम्स व इंदौर आईआईटी के पेशेवरों ने लांच किया अनूठा 'आरोग्य' एआई पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सा, इंजीनियरिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एक साथ लाने के लिए एम्स रायपुर और आईआईटी इंदौर ने आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के माध्यम से आरोग्य एआई पाठ्यक्रम की शुरुआत की है।

तीन महीने का ऑनलाइन कोर्स एआई-सक्षम स्वास्थ्य सेवा के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में रुचि रखने वाले इंजीनियरों और प्रौद्योगिकी पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है। इसे एम्स रायपुर और आईआईटी इंदौर के संकाय सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

यह एक ही संरचित कार्यक्रम के तहत नैदानिक विशेषज्ञता, स्वास्थ्य ज्ञान, इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी को एक साथ लाएगा। तीन महीने के ऑनलाइन पाठ्यक्रम के बाद एक महीने का कैपस्टोन प्रोजेक्ट होगा, जिसके माध्यम से प्रतिभागी व्यावहारिक, वास्तविक स्वास्थ्य समस्याओं पर काम करेंगे और एआई-सक्षम समाधान तलाशेंगे। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और नैदानिक तथा स्वास्थ्य देखभाल परिवेश में उनके अनुप्रयोगों का मूलभूत और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगा। एम्स रायपुर और आईआईटी इंदौर दोनों के संकाय सदस्य शिक्षण में योगदान देंगे, जिससे प्रतिभागियों को चिकित्सा और इंजीनियरिंग दोनों दृष्टिकोण प्राप्त होंगे।



महीनेभर चलेगा कार्यक्रम

यह कार्यक्रम एक महीने के कैपस्टोन प्रोजेक्ट के साथ संपन्न होगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर अपने ज्ञान को लागू करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान लांच दिशा 2.0 के तहत 'संगवारी मां' डॉ. अदिति चंद्राकर और डॉ. लक्ष्मीकांत के नेतृत्व में, आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन की तकनीकी टीम के साथ मिलकर विकसित की गई यह प्रणाली माताओं, विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के आदिवासी और वंचित क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर प्रसवपूर्व देखभाल और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक उचित पहुंच सुनिश्चित करने में सहायता करती है। दूसरा डॉ. सुनील जोधले और डॉ. सुप्रवा पटेल के नेतृत्व में तथा तकनीकी टीम के सहयोग से विकसित यह दूसरा एप्लिकेशन सिकलसेल एनीमिया के रोगियों में बीमारी की गंभीरता का पूर्वानुमान लगाने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य समय पर नैदानिक मूल्यांकन और व्यक्तिगत उपचार प्रदान करना है।

60 लाख का था कर्ज, इसलिए कारोबारी बना चोर, ज्वेलरी शॉप में की सेंधमारी

कर्ज से परेशान बर्फ कारोबारी ने अपने दो नौकरों के साथ मिलकर एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाते हुए सेंधमारी कर पांच लाख रुपए कीमत के चांदी तथा बेंटेक्स ज्वेलरी की चोरी की। कारोबारी के ऊपर बिजली बिल सहित 60 लाख रुपए का कर्ज था। घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने कारोबारी तथा उसके एक नौकर को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

चोरी की घटना में शामिल एक नौकर फरार है। कारोबारी का महासमुंद के साथ रायपुर में बर्फ फैक्ट्री है। चोरी की घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर में हुई थी। श्री लक्ष्मी विनायक ज्वेलर्स में चोरी के आरोप में पुलिस ने विशाल सचदेव, सूरज ढीमर को गिरफ्तार किया है। विशाल की बर्फ फैक्ट्री है।

कारोबारी ने अपने नौकरों के साथ मिलकर 29-30 सितंबर की दरमियानी रात चोरी की थी। कारोबारी ने अपने साथियों के साथ उस ज्वेलरी शॉप में 26-27 सितंबर की रात भी दीवाल में छेद कर चोरी करने असफल कोशिश की थी। दीवाल नहीं टूट पाने की वजह से आरोपी ने दोबारा कोशिश की, जिसमें वह कामयाब रहा।



कर्ज से उबरने की थी चोरी

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विशाल सचदेव 60 लाख रुपए के कर्ज में डूबा था। उसका बिजली बिल का बकाया ही सात लाख रुपए है। बर्फ फैक्ट्री में नुकसान होने पर उसने कई लोगों से ऊंची ब्याज दर पर कर्जा लिया था। जिन लोगों से उसने कर्जा लिया था, उन लोगों ने कारोबारी पर कर्ज पटाने दबाव बनाने लगे थे।

चार दिन रेकी करने के बाद पहुंचे चोरी करने

कारोबारी ने अपने नौकरों को चोरी के माल में हिस्सा देने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया। कारोबारी चोरी करने के पूर्व दुकान की चार दिन तक रेकी की। उसने देखा की ज्वेलरी शॉप के पीछे खाली प्लाट है। प्लाट के चारों तरफ बाउंड्री वाल है। साथ ही बाउंड्रीवाल के गेट पर ताला लगा रहता है, इसलिए कारोबारी को ज्वेलरी शॉप में चोरी करना ज्यादा सुरक्षित लगा। बर्फ कारोबारी के नौकरों ने दीवाल में छेद की थी। इसके साथ ही दोनों नौकर दुकान के अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

बेंटेक्स ज्वेलरी को समझा सोने का जेवर

ज्वेलरी शॉप के डिस्प्ले बॉक्स में रखे बेंटेक्स ज्वेलरी को देख आरोपी बर्फ कारोबारी को लगा कि ज्वेलरी शॉप में बड़े पैमाने पर सोने के जेवर रखे हुए हैं। उसे लगा कि उक्त ज्वेलरी शॉप में चोरी करने पर उसे एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर मिलेंगे। शॉप में चोरी करने के बाद आरोपी ने जेवरात को अपनी बर्फ फैक्ट्री से सटे घर में छिपाकर रखा था। पकड़े जाने के बाद कारोबारी को पता चला कि उन लोगों ने जो सोने के जेवर चोरी की है, वो असली सोने की जगह नकली सोने के हैं।

प्रदेशभर में प्राप्त हुए थे एक लाख 60 हजार आवेदन, परीक्षा दिलाने पहुंचे 74 प्रतिशत

मंडल ने शिक्षकों से पूछा-कक्षा में संबंध कैसे सुधारें बालक की विकास प्रक्रिया, वैदिक कालीन शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा राज्य पात्रता परीक्षा अर्थात सेट दो पाली में रविवार को आयोजित की गई। इसके लिए प्रदेश में 89 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से 11:15 बजे तक आयोजित हुई। प्रथम पाली में 25730 परीक्षार्थी में से 18778 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा की द्वितीय पाली दोपहर 2 से 04:15 बजे तक आयोजित रही। इससे संबंधित गोपनीय परीक्षा सामग्री दोपहर 11:30 बजे से जिला कोषालय कलेक्ट्रेट में वितरित की गई। द्वितीय पाली में 25730 परीक्षार्थी में से 18728 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

सामग्री समन्वयक केन्द्र शासकीय नागार्जुन पीजी विज्ञान महाविद्यालय को बनाया गया था। द्वितीय पाली परीक्षा समाप्ति उपरांत संबंधित गोपनीय यहां जमा की गई। तत्पश्चात समन्वयक केन्द्र से संबंधित गोपनीय सामग्री जिला कोषालय कलेक्ट्रेट में रात 8 बजे जमा की गई। ये आंकड़े राजधानी के हैं। प्रदेशभर में इसके लिए एक लाख 60 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 74 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे।

निर्मित किए गए थे 89 केंद्र शिक्षक बनने अनिवार्य है सेट



तकनीकी पक्ष ने उत्पन्न की कठिनाई

शिक्षा संबंधित अधिकतर सवाल सामान्य रुप से संचालित योजनाओं से ही जुड़ा रहा, लेकिन ये सवाल तकनीकी रहे। इस कारण परीक्षार्थियों को थोड़ी कठिनाई महसूस हुई। शोध के प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण से संबंधित कथन, कक्षा में समूह संबंध को सुधारने की प्रविधियां, अनुसंधान नैतिकता की विशेषताएं, स्वयं प्लेटफार्म व निष्ठा कार्यक्रम संबंधित जानकारी, एनईपी के सतत विकास एजेंडा, बालक के विकास की प्रक्रिया और विशेषताएं, मात्रात्मक अनुसंधान की सही प्रक्रिया, भारत के सभी नागरिकों को उच्च शिक्षा की ओपन-एक्सेस लर्निंग कक्षाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया स्वदेशी मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स प्लेटफॉर्म जैसे सवाल शिक्षा जगत से जुड़े रहे।

इस तरह के सवाल

- वायुमंडल में उपस्थित कौन-सी गैस अम्ल-निर्माण (अम्लीय वर्षा) की पूर्ववर्ती गैसें (एसिड फॉर्मिंग प्रीकर्सर गैसेस) कहलाती हैं?
- शाखा, चारण, परिषद्, गोत्र इन शब्दों का प्रयोग वैदिक काल में किसके लिए होता था?
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2000 में 'मिलेनियम घोषणा' के तहत तय किए गए आठ मिलेनियम विकास लक्ष्य कौन से हैं?
- मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग, राधाकृष्णन आयोग, सैडलर आयोग और हंटर आयोग को उनके गठन के कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें।
- भारत की चार प्रमुख ऋतुओं और महीनों का मिलान कीजिए।
- व्यक्तिगत अपेक्षाओं और विचारों के माध्यम से संचार को प्रभावित करने वाला कारक कौन-सा है?
- न्याय दर्शन द्वारा कौन-सा प्रमाण स्वीकार नहीं किया गया है?
- एक नेटवर्क में आईपी एड्रेस के डायनामिक एलोकेशन के लिए निम्न में से किस प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया जाता है?
- वैदिक काल में, शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों को शैक्षिक प्रशिक्षण की क्या व्यवस्था थी?
- सीपीसीबी की गाइडलाइंस के अनुसार, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों के आस-पास 100 मीटर तक के संवेदनशील इलाकों में दिन के समय ध्वनि का स्वीकार्य स्तर क्या है?
- फल, बीज, पौधा, फूल, पेड़ को एक सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।

कवच से सुरक्षित होगी रेल की रफ्तार, दुर्ग मांढर के 70 रूट किमी पर कमीशनिंग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय रेल में आधुनिक तकनीक के जरिए रेल परिचालन को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दुर्ग से मांढर तक 70 रूट किलोमीटर के रेलमार्ग और सरोना-उरकुरा बाइपास लाइन पर स्टैंडर्ड 'कवच' की कमीशनिंग 3 अक्टूबर को पूरी कर ली गई। साथ ही इस रेलखंड पर ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए आधुनिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम का दायरा बढ़ गया है।

रेडियो फ्रीक्वेंसी से मिलेगी ट्रेन की सटीक जानकारी

परियोजना के तहत रेलमार्ग पर 984 ट्रैकसाइड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशनटैग स्थापित और प्रोग्राम किए गए हैं। इन्हें अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के साथ लगाया गया है। रेलवे के अनुसार रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन प्रणाली को कवच 4.0 के तकनीकी विनिर्देशों के अनुरूप लागू किया गया है।

टक्कर और अनियंत्रित गति से सुरक्षा

कवच से लैस लोकोमोटिव में कई महत्वपूर्ण संरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। इनमें आमने-सामने की संभावित टक्कर से बचाव, पीछे से होने वाली संभावित टक्कर को रोकने में सहायता, ट्रेन के अनियंत्रित रूप से आगे बढ़ने (रोल-अवे) से सुरक्षा और स्टैंडस्टिल के दौरान अनावश्यक मूवमेंट से बचाव शामिल है।

क्या है कवच?

कवच भारतीय रेल के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन द्वारा विकसित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह ट्रेन की गति और स्थिति से जुड़ी जानकारी के आधार पर संरक्षित परिचालन में सहायता करती है। जरूरत पड़ने पर यह स्वचालित ब्रेकिंग के माध्यम से ट्रेन को सुरक्षित रोकने में भी सक्षम है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को मात्र 4 घंटे (पार्ट टाईम) सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 + इंसेन्टिव
Resume Whatsapp करें 9827555678
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

दिल की बीमारी के कारण सर्दी-खांसी 'धड़कन' ने दिलाया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बार-बार होने वाली सर्दी-खांसी और कमजोरी का कारण दिल की गंभीर बीमारी था। जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद तीसरी क्लास में पढ़ने वाले बच्चे का एम्स में सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर उसे स्वस्थ जीवन दिया गया है। मासूम के बीमारी की पहचान और उसके इलाज में जिला प्रशासन की प्रोजेक्ट धड़कन की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई।


तीसरी कक्षा के छात्र का एम्स में हुआ सफल ऑपरेशन

शासकीय स्कूलों में एवं आंगनबाड़ी में शिविर लगाकर बीमार बच्चे को खोजने वाले चिरायु टीम ने स्वास्थ्य शिविर के दौरान तीसरी में पढ़ने वाले भार्गव बोस की पहचान की थी। बच्चे को कमजोरी के अलावा बार-बार बीमार होने की शिकायत थी। टीम ने भार्गव के माता-पिता को इसकी जानकारी देने के बाद बच्चे का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तो उसके हृदय से संबंधित गंभीर समस्या की पुष्टि हुई। जांच करने वाले नवा रायपुर के सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटलों ने बच्चे की टोटल एनोमलस पल्मोनरी वेनस कनेक्शन रिपेयर सर्जरी की आवश्यकता बताई।

इलाज लायक नहीं थी परिवारिक स्थिति

मार्गव की पारिवारिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे बच्चे के इलाज का बोझ वहन कर सकते। उन्हें जब मार्गव की बीमारी का पता चला तो उन्हें बच्चे की चिंता सताने लगी थी। चिरायु टीम ने उन्हें बताया कि मार्गव का इलाज प्रोजेक्ट योजना के तहत निशुल्क कराया जाएगा। इसके लिए उन्हें केवल माता-पिता की अनुमति और वक्त चाहिए। दोनों ने स्वीकृति दी, जिसके बाद मार्गव के इलाज की प्रक्रिया शुरू की गई और वह अब स्वस्थ है। इलाज की इस प्रक्रिया को पूर्ण कराने में जिला मुख्यालय की टीम की भूमिका भी प्रमुख रही।

मरीजों की पहचान के लिए लगातार जांच

हृदय संबंधित बीमारियों से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उसके इलाज के लिए चिरायु टीम लगातार ब्लॉक स्तर पर स्कूल और आगंनबाड़ियों में जांच कर रही है। प्रभावित मरीजों की पहचान कर उनका इलाज कराया जा रहा है। इसके जरिए कई बच्चों का सफलातापूर्वक इलाज कराया गया है।

डॉ. मिथिलेश चौधरी
सीएमएचओ, रायपुर

स्कूल सफाई कर्मचारी आज दुर्ग में घेरेंगे शिक्षा मंत्री का निवास

- ज्ञापन सौंपकर मांग पूरा कराने 15 दिन का देंगे अल्टीमेटम
- मांग पूरी नहीं होने पर नवा रायपुर में सीएम हाउस, मंत्रालय, संचालनालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 43 हजार से अधिक अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने, सम्मानजनक मानदेय निर्धारण सहित अन्य मांगों को लेकर उन्होंने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। लामबंद स्कूल सफाई कर्मचारी 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के बाद मानस भवन दुर्ग में इकट्ठे होकर शिक्षा मंत्री के निवास स्थान का घेराव कर उन्हें मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे। अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों ने कहा है यदि 15 दिन में उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे नवा रायपुर में मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के निवास का घेराव कर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने बाध्य होंगे।

मानदेय सिर्फ 3500 तक

माह में उन्हें केवल 3000 रुपए से लेकर 3,500 मानदेय भुगतान किया जाता है, परंतु अधिकांश स्कूलों में भृत्य चपरासी नहीं होने के कारण उनके सभी कामों को सफाई कर्मचारी को करना पड़ता है, जिसके कारण पूरा दिन स्कूलों में व्यतीत हो जाता है। वे पिछले 15-16 वर्षों से स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उसके बाद भी संगठन की मांगे पूरी नहीं हो पाई हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, अम्बिकापुर, सरगुजा से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकापीठ, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि- स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

सुमीत बाजार
आज का स्पेशल ऑफर
बाजार मूल्य ₹349 प्रति सेट
एक्सपोर्ट क्वालिटी 100% कॉटन

डायनिंग मैट सेट
6 पीस सेट
₹69
*condition apply
ऑफर सिर्फ आज के लिये... स्टॉक रहने तक...
Only at: बैजनाथ पारा • न्यू राजेन्द्र नगर
सिटी सेंटर मॉल के बाजू, पंडरी • 139-140 टैक्सटाईल मार्केट, पंडरी, रायपुर

हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



महिलाओं ने पासिंग बॉल, तो बच्चों ने ...



रोलबोल यूथ कॉन्क्लेव का समापन, युवाओं को मिला सफलता और राष्ट्र निर्माण का मंत्र

युवाओं को मिला सफलता का मंत्रः ऑप्शन कितने मिले यह मायने नहीं रखता, आपने चुना क्या... यही बदलता है जिंदगी

राजधानी में आयोजित रोलबोल यूथ कॉन्क्लेव 2026 व रोलबोल टॉक्स का रविवार को पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में समापन हुआ। कार्यक्रम में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियों ने युवाओं से संवाद किया। वक्ताओं ने संघर्ष, सफलता, निर्णय लेने की क्षमता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अनुभव साझा करते हुए युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रायपुर। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को देश के भविष्य की नींव बताते हुए सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गुरुखुशवंत साहेब भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

सही फैसला ही बदलता है जिंदगी

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने युवाओं से जीवन में सही निर्णय लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिंदगी में कितने विकल्प मिलते हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उन विकल्पों में से व्यक्ति क्या चुनता है, यह मायने रखता है। उन्होंने कहा, "जीवन में आपको च्वाइसेस कितनी मिलती हैं, यह मायने नहीं रखता; आपने उन विकल्पों में से क्या चूज किया, यह मायने रखता है। चिराग पासवान ने अपने जीवन के मुश्किल दौर का अनुभव साझा करते हुए बताया कि पिता रामविलास पासवान के निधन के बाद उनके सामने परिस्थितियों से समझौता करने या संघर्ष करते हुए आगे बढ़ने के विकल्प थे। उन्होंने संघर्ष का रास्ता चुना। उन्होंने बताया कि एक दौर ऐसा भी आया, जब उन्होंने अपना घर और राजनीतिक पार्टी तक खो दी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनके अनुभव पर ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

एकजुटता ही देश की ताकत

वरिष्ठ पत्रकार और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ आदित्य राज कौल ने युवाओं से आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण पर संवाद किया। उन्होंने आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए जाति और धर्म की दीवारों से ऊपर उठकर एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की एकजुटता देश की सुरक्षा और भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

रिजेक्शन के बाद भी जारी रखा संघर्ष

'द कश्मीर फाइल्स' फेम अभिनेता दर्शन कुमार ने युवाओं को असफलताओं से घबराए बिना लगातार प्रयास करते रहने का संदेश दिया। उन्होंने दिल्ली के स्टेज और थिएटर से लेकर मुंबई में अपने संघर्ष का अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि मुंबई आने के बाद कई ऑडिशन दिए और लगातार रिजेक्शन का सामना किया। इसके बाद उन्हें पहला टीवी सीरियल मिला और धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया में पहचान बनी। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन मेहनत और अपने लक्ष्य पर भरोसा बनाए रखना जरूरी है।



संगीत व फिल्म से जुड़ी हस्तियां हुई शामिल



कार्यक्रम में बॉलीवुड संगीतकार मोंटी शर्मा, ऑरिया लंदन के सह-संस्थापक शोनक शर्मा, डिजिटल क्रिएटर्स अमर सिरोही, शिखर चौधरी और देवांश सेठी तथा फिल्म निर्देशक दीपक गर्ग सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। रोलबोल के संस्थापक दर्शन सांखला ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रोलबोल का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक विचारों और प्रेरक व्यक्तित्वों से जोड़ना है, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचानकर बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ सकें। आयोजन की जिम्मेदारी संस्थापक दर्शन सांखला, कन्वीनर राकेश नवलखा सहित रोलबोल की टीम ने संभाली।

हैमलेट फॉर्मूला से समझाए फैसले

फूड ब्रांड निलोन्स के सीएमडी दीपक संघवी ने अपने जीवन और कारोबार के संघर्षों की कहानी साझा की। उन्होंने फैसले लेने के लिए 'हैमलेट फॉर्मूला' बताते हुए निर्णयों को तीन श्रेणियों- हैट, हेयरकट और टैटू- के माध्यम से समझाया। उन्होंने कहा कि कुछ फैसले टोपी की तरह होते हैं, जिन्हें आसानी से बदला जा सकता है। कुछ फैसले हेयरकट की तरह होते हैं, जिनमें बदलाव के लिए समय लगता है, जबकि कुछ फैसले टैटू की तरह लंबे समय तक प्रभाव छोड़ते हैं। इसलिए बड़े फैसले लेने से पहले उनके परिणामों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

युवाओं की सफलता के लिए डॉ. यूसुफ ने दिया मूलमंत्र

रोलबोल यूथ कॉन्क्लेव में आयोजित 'बिल्डिंग वॉट मैटर्स' पैनल डिस्कशन में संजीवनी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संस्थापक डॉ. यूसुफ ने युवाओं को सफलता के लिए 'फोर सी' और 'फोरएम' का मूलमंत्र दिया। उन्होंने छोटे शहरों और गांवों से आने वाले युवाओं को लक्ष्य तय करने, साहस के साथ आगे बढ़ने और लगातार अपनी क्षमता विकसित करने की सीख दी। गरियाबंद जिले के छोटे से गांव बारूला से निकलकर आठ कैंसर अस्पतालों का नेटवर्क खड़ा करने तक के अपने सफर का उल्लेख करते हुए उन्होंने सफलता के दो चक्र बताए। 'फोरसी' में कमिटमेंट, करेज, कैपेबिलिटी और कॉन्फिडेंस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बड़ा लक्ष्य तय करने के बाद उसे हासिल करने के लिए साहस जरूरी है। इसके साथ अपनी क्षमता और मेहनत की सीमा बढ़ानी होती है, जिससे आत्मविश्वास मजबूत होता है और व्यक्ति फिर बड़े लक्ष्य तय करने के लिए प्रेरित होता है। इसके साथ डॉ. यूसुफ ने फोरएम का सिद्धांत भी बताया। इसमें मोरल, मोमेंटम, मोटिवेशन और मल्टीप्लिकेशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मनोबल ऊंचा रखने, काम की गति बनाए रखने और खुद को प्रेरित रखने से कार्यों में लगातार विस्तार होता है। उन्होंने बताया कि इसी सोच के साथ रायपुर में संजीवनी के चार यूनिट और छत्तीसगढ़ के अन्य चार जिलों में अत्याधुनिक कैंसर व मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल शुरू करने की दिशा में काम किया जा रहा है।



सिटी इवेंट

फिटनेस के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश एग्राथॉन 4.0 में जुटे हजारों लोग



रायपुर। अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल युवा मंडल की ओर से रविवार को मरीन ड्राइव में एग्राथॉन 4.0 'वंदे मातरम्-रन फॉर नेशन' का आयोजन किया गया। राष्ट्रप्रेम, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता के संदेश के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 3500 से 4000 लोगों ने हिस्सा लिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साह के साथ दौड़ पूरी की। कार्यक्रम की शुरुआत जुम्बा और फिटनेस सत्र से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने 'वंदे मातरम्-रन फॉर नेशन' के संदेश के साथ दौड़ लगाई। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और नोएडा सहित अन्य क्षेत्रों से भी प्रतिभागी पहुंचे। आरडीए के सीईओ अवनीश शरण सिंह ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। नगर निगम आयुक्त समबीत मिश्रा, बेमेतरा एसपी त्रिलोक बंसल और भाजपा कोषाध्यक्ष राम गर्ग सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।



रजिस्ट्रेशन के बराबर बांटेंगे कॉपी-पेन

आयोजकों के अनुसार एग्राथॉन के लिए 2650 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए थे। अग्रवाल युवा मंडल ने निर्णय लिया कि जितने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होंगे, उतनी ही कॉपी और पेन जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए जाएंगे। इस पहल के जरिए फिटनेस के साथ शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। दौड़ में प्रथम स्थान हेमराज गुर्जर ने हासिल किया और उन्हें 25 हजार रुपए, द्वितीय अखिलेश यादव को 15 हजार तथा तृतीय निखार भलावी को 7100 रुपए का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा 25 लकी विजेताओं को चांदी के सिक्के प्रदान किए गए। अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने कहा कि एग्राथॉन केवल दौड़ नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता का अभियान है। युवा मंडल अध्यक्ष सीएस सौरभ अग्रवाल ने कहा कि युवाओं की भागीदारी ने आयोजन को नई ऊर्जा दी। कार्यक्रम में माय भारत की ओर से अग्रवाल युवा मंडल का सम्मान भी किया गया।

ठंड की दस्तक के बीच देशी गेंदे की बहार

रायपुर। मानसून की विदाई के बाद ठंड की दस्तक के बीच रायपुर और आसपास के इलाकों में किसानों ने पारंपरिक धान की खेती के साथ अब गेंदा फूल की खेती की ओर भी रुख किया है। धार्मिक आयोजनों, त्योहारी सीजन और सजावट में लगातार मांग के चलते गेंदा किसानों के लिए अतिरिक्त आय का अच्छा विकल्प बन रहा है।





यात्रा अनुभूतियों से कविता के रंगों तक सजा साहित्यिक आयोजन

रायपुर। नव-छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक संस्थान, रायपुर की ओर से वृंदावन हॉल में काव्य गोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषाविद् डॉ. चितरंजन कर, अध्यक्ष लेखक एवं कवि संजीव कुमार ठाकुर, विशिष्ट वक्ता साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा तथा डॉ. सीमा रानी प्रधान, कवि सुरेंद्र रावल और रामेश्वर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम दो सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र में युवा लेखक कमलेश साहू की यात्रा-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'यात्रा अनुभूति' का विमोचन किया गया। संजीव कुमार ठाकुर ने कहा कि पुस्तक लिखना और उसे पाठकों के लिए लोकार्पित करना लेखक के लिए नन्हे शिशु को जन्म देने जैसा अनुभव है। उन्होंने यात्रा-वृत्तांत को स्थान, दृश्य, व्यक्ति, संस्कृति, इतिहास, अनुभव और आत्मचिंतन से जुड़ी साहित्यिक विधा बताया। डॉ. माणिक विश्वकर्मा ने पुस्तक के विभिन्न आयामों की समीक्षा करते हुए लेखक की सरल शैली की सराहना की।



रचनाकारों ने किया काव्य पाठ

द्वितीय सत्र में रायपुर सहित विभिन्न अंचलों से आए कवियों ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी में समसामयिक, हास्य-व्यंग्य, श्रृंगार और जीवन से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कीं। डॉ. सीमा प्रधान, राजेंद्र रायपुरी, छविलाल सोनी, यशवंत चतुर्वेदी, सुनील पांडेय, मंजूषा अग्रवाल, पल्लवी झा, शकुंतला तिवारी, रूनाली चक्रवर्ती, कल्याणी तिवारी, यशवंत यदु सहित अनेक रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन शशांक खरे और विजय मिश्रा ने किया। अंत में डॉ. उदयभान सिंह चौहान ने रचनाकारों और काव्यप्रेमी श्रोताओं के प्रति आभार जताया।

कार्नर न्यूज

रायपुरियंस में अभी से चढ़ने लगा रास गरबा का खुमार, प्रशिक्षण, कास्ट्यूम, एक्सेसरीज तैयारी में जुटे

भव्य रास गरबा सजाने आयोजक समितियों ने कसी कमर, वर्कशॉप में प्रतिभागी सीख रहे बेसिक स्टेप्स

रायपुर। नवरात्रि त्योहार पर रास-गरबा नाइट्स में धूम मचाने लोग तैयारी में जुटे हुए हैं। इसके लिए शहर में जगह-जगह रास गरबा की फ्री और शुल्क वाली वर्कशॉप भी आयोजित किए जा रहे हैं। गरबा को लेकर हर वर्ग में उत्साह व जोश सातवें आसमान पर है। इन दिनों प्रतिभागी गरबा वर्कशॉप में गर्ल्स और ब्वॉयज खुद को ग्रूम कर रहे हैं। डांस क्लासेस में प्रशिक्षक गरबा के 7 ताली, घोड़ा रास, पोपट, चौंकड़ी- छकड़ी जैसे लोकप्रिय बेसिक डांस स्टेप्स सीखा रहे हैं। साथ ही प्रतिभागियों को 3-4 ताली से लेकर सात ताली, घोड़ा रास, पोपट जैसे पापुलर ट्रेडिशन गरबा डांस स्टेप्स की बेसिक प्रशिक्षण ले रहे हैं। रास गरबा वर्कशॉप में परफेक्ट डांस प्रदर्शन के लिए सभी तरह की जरूरी स्टेप्स और ग्रूमिंग टिप्स दिया जा रहा है। दूसरी ओर रास गरबा आयोजन समितयां भी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। हर साल की तहर इस साल भी समितियां अपने रास गरबा में अधिक से अधिक प्रतिभागियों को आकर्षिकत करने एक से बढ़कर एक मनोरंजन, उपहार, स्वाद आदि के आकर्षण रख रहे हैं। शहर में होने वाले खास और बड़े रास गरबा आयोजन कुछ इस प्रकार हैं।



प्रतिभागी गरबा वर्कशॉप में ले रहे प्रशिक्षण

रोटरी क्लब के द्वारा करंसी टावर में प्रतिभागियों के लिए रास गरबा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस रास गरबा प्रशिक्षण वर्कशॉप में बड़ी संख्या में हर वर्ग से लोग भाग ले रहे हैं। वहीं रास एंड डांस क्लासेस इंद्रप्रस्थ रायपुरा की डांस प्रशिक्षक श्रुति सिंह ने बताया कि स्टूडियों में गरबा डांस वर्कशॉप किया गया है, जिसमें गरबा स्टेप सीखने लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है। बड़ी संख्या में गरबा क्लासेस में पार्टिसिपेट्स पहुंच रहे हैं। वहीं पार्टिसिपेट्स के लिए फ्री रील्स, फोटो-वीडियो शूट भी रखे हैं।

आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का भव्य मंच

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर आईएनएच-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया का भव्य मंच सजेगा। यह आयोजन आगामी 17, 18 और 19 अक्टूबर को ललित महल में होगा। इस त्रिदिवसीय विशाल सांस्कृतिक महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। सीए अमित चिमनानी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवरात्रि के पावन पर्व को शुद्ध पारम्परिक और आध्यात्मिक परिवेश में मनाना है। कार्यक्रम का संयोजन पिछले 25 वर्षों से कर रहे अनिल जोतसिंघानी ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के लिए कई विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं। सुप्रसिद्ध लाइव बैंड की धुनों पर डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां होंगी। स्थानीय लोक-कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी फोक, लोकगीतों का विशेष आकर्षण रहेगा।

संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का 15वां वर्ष

शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति द्वारा भव्य नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सिविल लाइन में समिति की बैठक संयोजक संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों ने आगामी नवरात्रि उत्सव की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की। उत्सव को भव्य, व्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण बनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, रास गरबा आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर समिति की टीम द्वारा विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।



● वॉलफोर्ट एन्क्लेव फेस-1 में हरिभूमि-आईएनएच न्यूज अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव का आयोजन

महिलाओं ने पासिंग बॉल तो बच्चों ने आउट-इन गेम्स में दिखाया दम, विजेता बन खुशी से झूमे

लालपुर स्थित वाल्फोर्ट एन्क्लेव फेस-1 अपार्टमेंट में के रहवासियों संग हरिभूमि और आईएनएच न्यूज अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव सेलिब्रेट करने पहुंची। इस अवसर पर अपार्टमेंट के रहवासियों ने टीम का उत्साह के साथ स्वागत किया। इस आयोजन से वाल्फोर्ट एन्क्लेव फेस-1 अपार्टमेंट के रहवासियों का रविवार स्पेशल बन गया।





रायपुर। अपार्टमेंट के बच्चे, यूवा, महिलाएं, सीनियर सिटीजन सभी ने मनोरंजक खेल-कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर एंजॉय किया। उत्सव का शुभारंभ अपार्टमेंट के पदाधिकारियों के स्वागत के साथ हुआ। अपार्टमेंट के सचिव ललित टाटिया का स्वागत हरिभूमि प्रसार विभाग सिटी हेड आशीष दास महंत और तोरण लाल साहू ने पुष्पगुच्छ भेंट देकर किया। इसी क्रम में अपार्टमेंट के कोषाध्यक्ष प्रदीप गोलछा का स्वागत हरिभूमि प्रसार विभाग के रिजनल हेड सुमित महोबिया, पीसीआर एआईएनएच पवन सोनी ने किया। कार्यक्रम को होस्ट आईएनएच न्यूज की सीनियर एंकर राजश्री थवाईत ने प्रभावशाली संवाद के साथ किया। इसके बाद महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल पासिंग बाल का आयोजन किया गया। इस खेल में अपार्टमेंट के महिलाओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। पासिंग बाल खेल में महिलाएं म्यूजिकल बीट पर एक दूसरे को बाल पास करते एक्टिव दिखे। वहीं बच्चों और युवाओं के लिए भी इन आउट गेम और म्यूजिकल चेयर रेस खेल का आनंद उठाया। यह उत्सव हरिभूमि और आईएनएच न्यूज और अपार्टमेंटवासी के लिए यादगार पल बन गया।



म्यूजिकल पासिंग बॉल गेम से माहौल बन गया खुशनुमा

अपार्टमेंट में महिलाओं ने पासिंग बॉल गेम का जमकर आनंद लिया। पासिंग बॉल गेम से मेंबर्स के बीच एक बेहतरीन गेट-टुगेदर एक्टिविटी हुई, जिससे न केवल मनोरंजन का आनंद मिला, बल्कि सभी के बीच आपसी तालमेल और जुड़ाव को भी बढ़ावा मिला। इस म्यूजिकल पासिंग बॉल गेम में महिलाएं एक सर्कल में म्यूजिक के धुन के साथ बॉल को एक-दूसरे को पास करते रहे। म्यूजिक रुकते ही जिसके हाथ में बॉल आता, वह आउट हो जाता। इस गेम से महिलाओं को रोजमर्रा की भागदौड़ से दूर एक हल्का-फुल्का और खुशनुमा माहौल मिला।

बच्चों ने गेम्स का जमकर उठाया लुत्फ

उत्सव में अपार्टमेंट के बच्चों ने म्यूजिक चेयर और आउट इन गेम का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चे इस गेम्स में पूरी ऊर्जा के साथ भाग लेते दिखे। म्यूजिक चेयर खेलते समय बच्चों का पूरा ध्यान संगीत पर रहा। म्यूजिक रुकते ही तुरंत कुर्सी पर बैठने की होड़ लग जाती। इस दौरान बच्चों की फुर्ती और निर्णय लेने की क्षमता जबर्दस्त दिखा। वहीं आउट इन गेम बच्चों को जीत और हार दोनों को खुशी-खुशी स्वीकार करना सिखाया। गेम से आउट होने के बाद भी बच्चे एक-दूसरों के लिए ताली बजाकर टीम भावना का परिचय दिया। इस खेल से अपार्टमेंट के बच्चों में आपस में दोस्ती गहरी हुई और वे एक-दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहने की संदेश भी देते दिखे।

ये बने उत्सव गेम्स के विजेता खिलाड़ी

उत्सव के पासिंग बॉल गेम में मोना कोठारी विजेता बनी। उन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं म्यूजिकल चेयर रेस ने रूद्रांश शुक्ला ने बाजी मारी। इसके साथ ही आउट-इन गेम में आरोही विजेता बनी।इन सभी विजेताओं को हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के टीम और स्पॉनसर शुभम के मार्ट के सौजन्य से सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार अपार्टमेंट के सचिव ललित टाटिया और कोषाध्यक्ष प्रदीप गोलछा के द्वारा प्रदान किया गया। गेम्स के विजेता आकर्षक पुरस्कार पाकर खुशी से झूमने लगे।





हरिभूमि-आईएनएच न्यूज दिखाता है सच्ची खबर

कार्यक्रम में शामिल हुए वाल्फोर्ट एन्क्लेव फेस-1 अपार्टमेंट के पदाधिकारियों व रहवासियों ने एक पाठक व दर्शक के रूप में कहा कि हरिभूमि समाचार पत्र में जन सरोकार से जुड़ी खबरों को प्राथमिकता के साथ प्रकासित किया जाता है। वहीं आईएनएच न्यूज चैनल में सच्ची व तेज खबर दिखता है। इस तरह से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज जनता की आवाज को शासन और समाज तक पहुंचाने का पुनीत कार्य कर रहा है। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के इस प्रयास से जनसरोकार के साथ-साथ निष्पक्ष पत्रकारिता हो पा रही है।



इन वरिष्ठ नागरिकों व सहयोगियों का किया सम्मान

अपार्टमेंट की वरिष्ठ नागरिक का सम्मान गीता देवी अग्रवाल, लक्ष्मी दुग्गल को शॉल स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। वहीं अपर्टमेंट के सुपरवाइजर ईश्वरी साहू के साथ ही सोनी न्यूज एजेंसी के तरूण साहू का भी सम्मान किया गया। इस प्रकार अपार्टमेंटवासियों, सहयोगियों के साथ मिलकर हरिभूमि और आईएनएच न्यूज अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव को यादगार रूप में संपन्न किया।



धर्म लाइव

चातुर्मास के 50 दिनों में 100 से ज्यादा बुजुर्गों को श्रवण यन्त्र का वितरण



रायपुर। चातुर्मास के अंतर्गत जैन संवेदना ट्रस्ट ने मानव सेवा और परोपकार का मिसाल पेश की है। ट्रस्ट ने चातुर्मास के प्रारंभिक 50 दिनों में 100 से ज्यादा बुजुर्गों व बच्चों को श्रवण यन्त्र का वितरण किया है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि शरीर के किसी भी अंग की दुर्बलता बुढ़ापे को दूभर बना देती है, कानों से कम सुनाई देना भी बड़ी परेशानी है। ऐसे में जैन संवेदना ट्रस्ट इस परेशानी को श्रवण यन्त्र बांटकर दूर करने का प्रयास कर रहा है। श्रवण यन्त्र से 8 लोगों के जीवन में खुशियां लौटी है। जैन संवेदना ट्रस्ट ने रविवार से साधर्मिक भक्ति व अनुकम्पा सेवा सप्ताह का आरम्भ किया है। सेवा सप्ताह के आरम्भ में 8 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किए गए।

300 लोगों की सेवा का लिया संकल्प

जैन संवेदना ट्रस्ट ने चातुर्मास में 300 लोगों की मदद का लक्ष्य रखा है। जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा मूक पशु पक्षियों की सेवा, मानव सेवा के अंतर्गत श्रवण यन्त्र, कृत्रिम हाथ, कैलिपर्स, वैशाखी, बीपी मशीन, शुगर टेस्टिंग मशीन का निःशुल्क वितरण तथा मानव कल्याण में साधर्मिक भाई बहनों के स्वावलंबी जीवन, व्यवसायिक उत्थान व विवाह योजना पर लगातार कार्य किये जाते हैं। जिन बच्चों बुजुर्गों को कम सुनाई देता है वे आड़ियोमैट्री जांच करवा कर ट्रस्ट से सम्पर्क कर सकते हैं ।

51 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ में गूंजा जय श्रीराम, भजनों और झांकियों ने बांधा समां



रायपुर। छत्तीसगढ़ लोहाणा गुजराती महिला मंडल की ओर से रविवार को बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 51 संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे शुरू हुए धार्मिक आयोजन में करीब पांच घंटे तक भक्ति और आध्यात्मिकता का माहौल रहा। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ विभिन्न देवी-देवताओं की झांकीमय भजनों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। आयोजन की शुरुआत 21 पंडितों और धर्माचार्यों द्वारा शंखनाद, मंत्रोच्चार और भगवान हनुमान की आरती के साथ हुई। गोंदिया (महाराष्ट्र) से आए भजन गायक मितेश भाई परमार ने संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के साथ भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबे नजर आए।

51 बच्चों ने किया सामूहिक पाठ

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 51 बच्चों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ रहा। बच्चों ने मंच के सामने एक साथ बैठकर संगीतमय रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। आयोजन में रायपुर के अलावा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल हुए।

25 से अधिक बार रक्तदान करने वालों का सम्मान



कार्यक्रम के दौरान गुजराती समाज के उन सेवाभावी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने 25 से अधिक बार रक्तदान कर समाजसेवा में योगदान दिया है। लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा बेन रायचुरा, कार्यक्रम संयोजक हितेश रायचुरा, मुकेश शाह और प्रकाश पुजारा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सामूहिक भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से जोड़ना है। रात 8 बजे भगवान हनुमान की महाआरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

शहजादे साईं ओमी राम पहुंचे रायपुर अनुयायियों ने किया भव्य स्वागत

रायपुर। शहजादे साईं ओमी राम जी के रायपुर आगमन पर अनुयायियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके सानिध्य में 5 अक्टूबर को शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस, बीटीआई मैदान के सामने सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अनुयायियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे शुरू होगा। साईं ओमी जी भगवान झूलेलाल की ज्योत प्रज्ज्वलित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1:13 बजे दुआ एवं नित नेम किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान झूलेलाल और सतगुरु साईं वसन घोट की स्तुति के साथ सत्संग, भजन-कीर्तन और अन्य भक्तिमय कार्यक्रम होंगे।



तैयारियों को दिया अंतिम रूप

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सिंधु पैलेस में आयोजकों की बैठक हुई, जिसमें व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। स्वागत, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, भंडारा, पेयजल और प्रसाद सहित सभी व्यवस्थाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है। सेवादारी रमेश मिर्घानी और गौरव मंधानी ने बताया कि कार्यक्रम में सिंधी समाज की विभिन्न समितियां, संस्थाएं, महिला विंग और युवा विंग के सदस्य शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियों में महेश दरयानी, अजीत कुकरेजा, राजू तारवानी, बलराम आहूजा, तनेश आहूजा, किशोर आहूजा, शरणजीत सिंह, विक्की लोहाना, रिंकू लखीसरानी, मनोज डेंगवानी, नरसा लालवानी, भरत पमनानी, नरेश पंजवानी, रोशन ओचवानी, विक्की रत्नानी और प्रशांत मेंघानी सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

ट्रिपल आईटी में आज से एआई तकनीक की संभावनाओं पर विचार-विमर्श

रायपुर। ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोडश का आयोजन किया जा रहा है। 6 अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय इस आयोजन का आज इनोवेशन होगा। इस कार्यक्रम में शोधकर्ता, शिक्षाविद, उद्योग विशेषज्ञ, विद्यार्थी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिभागी एक मंच पर एकत्रित होकर तेजी से विकसित हो रही एजेंटिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की संभावनाओं, अनुप्रयोगों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स कम्प्यूटर सोसायटी स्पेशल प्रोजेक्ट ट्रिपल आईटी तथा एआई सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ऐसे उन्नत एआई सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो अपने परिवेश को समझने, स्वतंत्र रूप से तर्क करने, निर्णय लेने तथा न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ कार्यों को निष्पादित करने में सक्षम हैं। प्रतिभागियों को एजेंटिक एआई के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास, इसके विभिन्न अनुप्रयोगों, संभावनाओं तथा इससे जुड़ी चुनौतियों को समझने का अवसर मिलेगा। तीन दिवसीय रोडशो में विशेषज्ञ व्याख्यान, संवादात्मक सत्र, तकनीकी चर्चाएं, प्रदर्शन तथा ज्ञान-विनिमय गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें स्वायत्त एआई एजेंट, जिम्मेदार एवं विश्वसनीय एआई, एआई आधारित नवाचार, मानव-एआई सहयोग तथा विभिन्न क्षेत्रों में एजेंटिक एआई के व्यावहारिक उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण आइडियाथॉन होगा।

समाज इवेंट

माता-पिता का संस्कारगत शिक्षा देना ही संवेदनशीलता की पहली सीढ़ी है



रायपुर। संत गोविंद राम शदाणी, शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय देवेंद्र नगर में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन पीएम उषा के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसका शीर्षक लैंगिक संवेदनशीलता एक कदम समानता की ओर से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव वरिष्ठ प्राध्यापक विधि विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर थीं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल ने कहा कि, अपने ज्ञान का प्रचार- प्रसार करना और समाज को जागरूक करना ही हमारे उत्तरदायित्व का बोध कराता है, माता-पिता द्वारा संस्कारगत शिक्षा देना ही संवेदनशीलता की पहली सीढ़ी है, आज आवश्यकता इस बात की है कि छात्राओं में भावनात्मक मजबूती, वैचारिक दृढ़ता के साथ-साथ दया और करुणा के भाव भी हो। इसी दौरान मुख्य वक्ता डॉ. प्रिया राव ने कहा कि सामाजिक सहभागिता निभाने के लिए कानूनी अधिकारों की वांछित जानकारी बहुत जरूरी है लैंगिक संवेदनशीलता और महिला संबंधी कानूनी जानकारी साझा करना भी आज के संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। कानूनी प्रावधान पर भी डॉ. राव ने विस्तार से चर्चा की साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। संवेदनशीलता बहुत सारी समस्याओं का स्वतः निराकरण कर देता है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुषमा तिवारी, विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी एवं सह-संयोजक डॉ. संगीता झा एवं पूजा रंजना यादव थी। प्राचार्य डॉ. अग्रवाल ने डॉ.राव को स्मृति चिन्ह प्रदान किया, अंत में संगोष्ठी में निबंध-लेखन, नारा- लेखन एवं पोस्टर मेकिंग के प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में पूजा रंजना यादव, महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक, कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

गीतेश का तुर्की की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

गांव-कस्बों से निकलकर 20 जिलों के 350 तीरंदाजों ने साधा निशाना, अब राष्ट्रीय मंच पर चलाएंगे तीर

रायपुर। कभी गांव-कस्बों में उपलब्ध सीमित संसाधनों के बीच तीरंदाजी का अभ्यास शुरू करने वाले छत्तीसगढ़ के युवा अब राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंच रहे हैं। रविवार को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जिलों से करीब 350 तीरंदाज, कोच, मैनेजर और तकनीकी अधिकारी शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने लक्ष्य पर निशाना साधने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाने के लिए अपनी मेहनत और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। चयनित तीरंदाज 21 से 28 अक्टूबर तक जयपुर में होने वाली जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।



मेहनत के दम पर अंतर्राष्ट्रीय मंच की ओर गीतेश



समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के तीरंदाजों की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने बताया कि कोरबा के तीरंदाज गीतेश यादव का चयन तुर्की में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं प्रदेश की खिलाड़ी पद्मा साहू, चांदनी साहू और दक्षा ने नेशनल गेम्स में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। संघ के अनुसार ये खिलाड़ी आने वाले दो-तीन वर्षों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भाग लेंगी।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से निकल रहीं प्रतिभाएं

कैलाश मुरारका ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तीरंदाजी लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के अवसर उपलब्ध कराने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच मिल रहा है। छोटे शहरों और गांवों से आने वाले खिलाड़ी लगातार अभ्यास के जरिए राज्य से राष्ट्रीय और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

खिलाड़ियों को मिला प्रोत्साहन

शाम 5 बजे हुए पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि बसंत अग्रवाल ने विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अमिताभ दुबे सहित विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रमुख कोच एवं पदाधिकारियों दुर्गेशनंदनी, अवन कुमार, उमेश बघेल, हीरू साहू, इतवारी राज, राजेंद्र देवांगन, दुर्गेश प्रताप, श्रद्धा, कलावती और प्रभु पोर्ते का योगदान रहा। समारोह में सोनू राजपूत, प्रवेश जोशी सहित विभिन्न जिलों के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल हुए।

सिटी स्पोर्ट्स

अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए सम्भावित खिलाड़ियों की घोषणा,



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के दिशा-निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 20 सितंबर को आधारशिला स्कूल के खेल मैदान में अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था। इस ट्रायल में बिलासपुर शहर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा, सीपत, लोरमी और मल्हार जैसे दूरस्थ क्षेत्रों से कुल 212 युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पहुंचे थे। खिलाड़ियों के चयन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति में चयनकर्ता के रूप में एस. जावेद, आकाश सिंह, प्रवीण कुमार, अभिनव शर्मा, शिवेन्द्र सिंह और नावेद अली शामिल थे। वहीं छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से आधिकारिक ऑब्जर्वर के रूप में जितेंद्र वेगड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनकर्ताओं द्वारा अंडर-14 कैंप के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव देवेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी चयनित सम्भावित खिलाड़ी 5 अक्टूबर को दोपहर बाद 3:00 बजे साइंस कॉलेज मैदान (सरकंडा) बिलासपुर में आयोजित विशेष कैंप में अनिवार्य रूप से सफेद क्रिकेट वेशभूषा में उपस्थित होंगे। इस कैंप के दौरान सिलेक्शन मैचेस (चयन मुकाबले) कराए जाएंगे, जिनके प्रदर्शन के आधार पर ही अंतिम बिलासपुर जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा। ट्रायल प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सचिव विंटेश अग्रवाल, क्रिकेट संघ बिलासपुर के अध्यक्ष नवीन जाजोदिया, सचिव देवेंद्र सिंह, शरद मुरारका, आनंद तावड़कर, सुशांत शुक्ला और सौरभ राय सहित संघ के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

26वीं राज्य स्तरीय बेसबॉल में न्यायधानी बिलासपुर का दोहरा कब्जा



रायपुर। छत्तीसगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन एवं जिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 26वीं जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल चैंपियनशिप का 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ स्कूल ग्राउंड में गरिमामय समापन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, कोरबा, महासमुंद, कवर्धा, दंतेवाड़ा, बिलासपुर एवं बेमेतरा सहित प्रदेश के 8 प्रमुख जिलों की बालक एवं बालिका टीमों ने भाग लिया और अपना बेहतरीन खेल कौशल दिखाया। प्रतियोगिता के दोनों ही वर्गों के फाइनल मुकाबलों में न्यायधानी बिलासपुर के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोहरे खिताब पर कब्जा जमाया। बिलासपुर और कवर्धा के बीच खेले गए बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने कवर्धा को 02-00 से पराजित कर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबले में बिलासपुर की टीम ने दंतेवाड़ा को एकतरफा अंदाज में 05-00 से करारी शिकस्त देकर बालिका वर्ग के खिताब पर भी कब्जा जमा लिया। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रिंस भाटिया और प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने वाले विभिन्न जिलों के कोच एवं मैनेजरों—नेहा जायसवाल, राजा जोशी, उमाशंकर, आशीष यादव, अभिषेक, प्रिंस, भूपेंद्र गड़े और अंजली खलखो को मंच से विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

अंडर-19 टीम में चयनित हुए उभरते क्रिकेटर आदित्य

रायपुर। बिलासपुर जिले के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर आदित्य यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आदित्य का चयन आगामी 8 अक्टूबर से पुडुचेरी में आयोजित होने वाली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रतिष्ठित वीनू मांकड़ ट्रॉफी (अंडर-19 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता) के लिए छत्तीसगढ़ की राज्य टीम में हुआ है। आदित्य यादव ने इससे पूर्व राज्य स्तर पर अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग में खेलते हुए अपनी शानदार बल्लेबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था। मैदान पर उनके निरंतर अनुशासन, कठिन परिश्रम और तकनीक में सुधार के चलते ही उन्हें अब छत्तीसगढ़ की अंडर-19 राष्ट्रीय टीम में जगह दी गई है।



वैश्विक स्तर पर विकराल रूप ले रही मस्तिष्क की यह गंभीर बीमारी, जानिए कारण और बचाव के सबसे कारगर उपाय

माइग्रेन और दिल के मरीज रहें सचेत, युवाओं में तेजी से बढ़ रहा साइलेंट किलर स्ट्रोक का खतरा

कुछ दशकों पहले तक स्ट्रोक (मस्तिष्क का दौरा) को बढ़ती उम्र के साथ होने वाली एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या माना जाता था। हालांकि, आधुनिक दौर की जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण अब युवा आबादी भी तेजी से इसकी चपेट में आ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हालिया चौंकाने वाले आंकड़ों के अनुसार, हर साल दुनियाभर में 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़) से अधिक लोग स्ट्रोक के शिकार हो रहे हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वहां 45 वर्ष से कम उम्र के करीब 70,000 युवाओं को हर साल स्ट्रोक झेलना पड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि 10 से 15 प्रतिशत वयस्कों में समय के साथ-साथ यह जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्ट्रोक के लगातार बढ़ते जोखिमों की रोकथाम, शुरुआती लक्षणों की पहचान और त्वरित उपचार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा प्रभावित मरीजों को बेहतर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह में 29 तारीख को 'विश्व स्ट्रोक दिवस' मनाया जाता है। लेकिन इसके प्रति जागरुकता हमेशा बढ़ाई जाती है। आज चिकित्सा जगत के सामने



सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर नवयुवक इतनी बड़ी संख्या में इसके शिकार क्यों हो रहे हैं और इससे बचाव के लिए कौन-कौन से प्राथमिक कदम उठाए जाने आवश्यक हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ और न्यूरोलॉजिस्ट बताते हैं कि स्ट्रोक मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं:

इस्केमिक स्ट्रोकः वैश्विक स्तर पर दर्ज किए जाने वाले मामलों में सबसे ज्यादा संख्या इस्केमिक स्ट्रोक की होती है। यह स्थिति तब बनती है जब मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाने वाली प्रमुख धमनी में रक्त का थक्का जम जाता है, जिससे मस्तिष्क के हिस्सों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलना बंद हो जाते हैं।



हेमोरेजिक स्ट्रोकः यह स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के अंदर या उसके आसपास की कोई रक्त वाहिका अचानक फट जाती है, जिससे मस्तिष्क के ऊतकों में आंतरिक रक्तस्राव होने लगता है।

हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली और खान-पान से जुड़ी कई खराब आदतों के कारण रक्त वाहिकाओं में रुकावट आने लगती है, जिसके प्रति हर व्यक्ति को शुरुआत से ही सतर्कता और सावधानी बरतनी चाहिए।

युवाओं में स्ट्रोक बढ़ने के मुख्य कारण

कम उम्र के वयस्कों में स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के पीछे कई प्रमुख जोखिम कारक जिम्मेदार हैं। इनमें मुख्य रूप सेः अनियंत्रित और गतिहीन जीवनशैली, अत्यधिक धूम्रपान और शराब का सेवन, डायबिटीज (मधुमेह) और उच्च रक्तचाप,बैड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर और आनुवंशिक कारण (परिवार में पहले किसी को स्ट्रोक होने की मेडिकल हिस्ट्री) शामिल हैं।

विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि यदि किसी व्यक्ति को माइग्रेन या हृदय रोग जैसी पहले से कोई बीमारी है, तो उनमें स्ट्रोक का खतरा आम लोगों की तुलना में कई गुना



अधिक बढ़ जाता है।

माइग्रेन के रोगियों को बरतनी चाहिए विशेष सावधानी

वैज्ञानिक अध्ययनों से यह पूरी तरह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन सीधे तौर पर स्ट्रोक उत्पन्न करता है, लेकिन चिकित्सा शोध दर्शाते हैं कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में स्ट्रोक का जोखिम थोड़ा अधिक रहता है। माइग्रेन और स्ट्रोक दोनों ही मूल रूप से मस्तिष्क से जुड़ी समस्याएं हैं और कई बार माइग्रेन का गंभीर दौरा स्ट्रोक जैसे भ्रम पैदा कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह है कि माइग्रेन से पीड़ित ऐसे लोग जो नियमित रूप से धूम्रपान भी करते हैं, उन्हें स्ट्रोक होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है। इसलिए उन्हें तुरंत अपनी आदतें बदलनी चाहिए।



वास्तु के अनुसार बेडरूम में लगाएं नाइट बल्ब, रात में आएगी अच्छी नींद

अगर आपको हल्की रोशनी में सोना अच्छा लगता है तो आपको वास्तु के अनुसार नाइट बल्ब को अपने बेडरूम में लगाना चाहिए। रात में हर व्यक्ति के सोने का अपना अलग तरीका होता है। जहां कुछ लोग कमरे में पूरी तरह से अंधेरा करके सोना पसंद करते हैं। अगर कमरे में थोड़ी सी भी लाइट होती है तो उन्हें नींद ही नहीं आती है। वहीं इससे ठीक उलट कुछ लोगों को अंधेरे में डर लगता है या फिर वे कंफर्टेबल फील नहीं करते हैं। ऐसे में वे नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते हैं। वास्तु के अनुसार भी कमरे में हल्की मध्यम रोशनी में सोना काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है। अगर आपको भी लाइट में सोना पसंद हैं और आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करती हैं तो आपको वास्तु की कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको अपने बेडरूम में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए



सही दिशा में लगाएं बल्ब

जब आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको दिशाओं की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। हमेशा दक्षिण पूर्व दिशा या उत्तर पश्चिम दिशा के कोने में ही नाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। आपको कभी भी भूलकर भी दक्षिण पश्चिम दिशा में नाइट बल्ब या नाइट लैंप नहीं लगाना चाहिए।

यूं चुनें कलर

नाइट बल्ब लगाते समय आपको रंगों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आपके नाइट बल्ब का कलर लाइट ग्रीन हो। आपको कभी भी बेडरूम में रेड कलर के नाइट बल्ब का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी नींद खराब होती है। सपने भी अच्छे नहीं आते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो व्यक्ति रात में चौंककर उठ जाता है। कई बार न्यूली मैरिड कपल अपने कमरे में रेड कलर के नाइट बल्ब को लगाना पसंद करते हैं। अगर आपकी ऐसी इच्छा है तो आप बहुत ही लाइट रेड जो येलो नाइट बल्ब होने का अहसास करवाती है, उसका इस्तेमाल करें। (बेडरूम में इन लैम्प का करें इस्तेमाल)

अगर छत पर हो नाइट बल्ब

आजकल लोग बेडरूम में अलग-अलग तरह से नाइट बल्ब लगवाना पसंद करते हैं। इन दिनों छत पर भी नाइट बल्ब लगाने का चलन काफी बढ़ गया है। अगर आप अपने बेडरूम में इस तरह से नाइट बल्ब लगाना चाहती हैं तो ध्यान दें कि उसकी सीधी रोशनी आपके शरीर पर ना पड़े। इसे वास्तु अनुसार अच्छा नहीं माना जाता है। इससे आपको हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कई बार व्यक्ति रात में बैचेनी का अहसास भी करता है।

अगर आपको रात के समय अपने कमरे में बहुत ही हल्की लाइट का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं तो उसमें व्हाइट कलर का लैंप अच्छा रहता है।



रसोईघर में पूजा स्थल बनाने से पहले जानें वास्तु शास्त्र

रसोईघर और पूजा घर—ये दोनों ही स्थान किसी भी गृहस्थ के जीवन में अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। भारतीय वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के इन प्रमुख कोणों का निर्माण यदि सही दिशा और नियमों के अनुरूप न किया जाए, तो इसका नकारात्मक प्रभाव संपूर्ण परिवार के स्वास्थ्य और मानसिक शांति पर पड़ता है।

घर में एकांत और शांत पूजा स्थल का महत्व

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के भीतर स्थानों का विभाजन बहुत सोच-समझकर किया जाना चाहिए। कौन सी वस्तु या कक्ष किस दिशा में है, इसका सीधा प्रभाव गृहस्वामी के जीवन पर पड़ता है। पूजा का स्थान सदैव एक एकांत, स्वच्छ और शांत स्थान पर होना चाहिए जहाँ घर का शोर-शराबा न पहुँचता हो। शांत वातावरण में बनाया गया मंदिर व्यक्ति के मन को स्थिर और एकाग्र रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

जब भी हमारा चित्त अशांत होता है, हम ईश्वर की शरण में एक शांत स्थल की खोज करते हैं। प्रार्थना कक्ष घर का वह आध्यात्मिक केंद्र है जहाँ परिवार के सदस्य ध्यान, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। यह स्थान सकारात्मक ऊर्जा का मुख्य स्रोत होता है, इसलिए इसका सही स्थान पर होना अत्यंत आवश्यक है ताकि आध्यात्मिक ऊर्जा बिना किसी बाधा के पूरे घर में प्रवाहित हो सके।

पूजा कक्ष के लिए आदर्श वास्तु और दिशाएं

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा कक्ष सदैव ऐसे स्थान पर स्थित होना चाहिए जो शांत और ध्यान-



साधना के लिए पूरी तरह अनुकूल हो। इसके लिए सबसे शुभ और फलदायी स्थान घर का ईशान कोण (उत्तर-पूर्व दिशा) माना गया है। यदि किसी कारणवश ईशान कोण में स्थान उपलब्ध न हो, तो पूर्व अथवा उत्तर दिशा में भी पूजा स्थल का निर्माण किया जा सकता है।

ये दिशाएं प्राकृतिक और आकाशीय ऊर्जा के प्रवाह के पूर्णतः अनुकूल होती हैं। इसके अतिरिक्त, पूजा घर हमेशा अत्यंत स्वच्छ, व्यवस्थित और अवांछित वस्तुओं (कबाड़) से मुक्त होना चाहिए। पूजा स्थल पर पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश और वायु का आवागमन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मिनटों में बनाएं शेफ स्टाइल क्रीमी 'इन्स्टेंट मग पास्ता'

आपने निश्चित रूप से अपने घर में माइक्रोवेव का इस्तेमाल खाना गर्म करने या बेकिंग जैसी चीज़ों के लिए कई बार किया होगा, लेकिन क्या आपने कभी इसमें झटपट और स्वादिष्ट पास्ता बनाने की कोशिश की है? अगर अभी तक नहीं किया है, तो एक बार इस आसान तरीके को जरूर आजमाकर देखें। माइक्रोवेव में पास्ता बनाने से न केवल आपके समय और गैस की बड़ी बचत होगी, बल्कि यह खाने में बेहद लज़ीज़ भी बनेगा। आइए विस्तार से जानते हैं कि माइक्रोवेव में परफेक्ट 'इन्स्टेंट मग पास्ता' बनाने के लिए आपको किन-किन जरूरी टिप्स का ध्यान रखना चाहिएः



सही और माइक्रोवेव-सेफ मग का चुनाव करेंः

स्वादिष्ट मग पास्ता बनाने की पहली शर्त सही बर्तन का चयन करना है। यदि आपका मग सही आकार और गुणवत्ता का नहीं होगा, तो पास्ता सही ढंग से नहीं पकेगा—कहीं से कच्चा तो कहीं से अत्यधिक गल जाएगा। इसके लिए हमेशा बड़े आकार के और माइक्रोवेव-सेफ Ceramic Mug का ही चुनाव करें। मग इतना बड़ा होना चाहिए कि पास्ता और पानी अच्छी तरह समा जाएं और उबलते समय पानी या सॉस बाहर न छलके।

पास्ता और पानी का सटीक अनुपात बनाए रखें

मग पास्ता बनाते समय सामग्रियों की सही मात्रा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। एक बार में लगभग आधा कप (1/2 Cup) पास्ता लें और उसमें पकाने के लिए लगभग एक कप पानी डालें।

आगामी फेस्टिवल सीजन में बच्चों की खुशियों में लगाएं चार चांद, नए कपड़ों के साथ दें ये यूनिक गिफ्ट

जल्द ही शुरू होने जा रहे नवरात्रि के पावन पर्व के साथ ही अब देश भर में त्यौहारों का भव्य रंग जमने लगा है। नवरात्रि, विजयदशमी (दशहरा), करवाचौथ, धनतेरस से लेकर रोशनी के त्यौहार दीपावली तक का पूरा सीजन खुशियों, उमंग और खरीदारी का होता है। अक्सर इस दौरान हर घर में अभिभावकों के सामने यह दुविधा खड़ी होती है कि नए कपड़ों की खरीदारी के साथ-साथ बच्चों को ऐसा क्या खास उपहार दिया जाए जिससे वे झूम उठें।

वैसे तो त्यौहारों का यह मौसम नए वस्त्रों, पूजा-अर्चना, स्वादिष्ट मिठाइयों और आतिशबाजी के लिए जाना जाता है, लेकिन अगर इन आगामी त्यौहारों के दौरान बच्चों को उनकी पसंद और जरूरत का खास तोहफा मिल जाए, तो उनके लिए पर्व का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। त्यौहारों पर उपहार ऐसे होने चाहिए जिन्हें देखकर बच्चे खुशी से खिल उठें। उपहार का चुनाव करते समय उनकी रुचि और उपयोगिता दोनों का संतुलन बनाएं। आइए जानें इस त्यौहारी सीजन में बच्चों को दिए जाने वाले बेहतरीन गिफ्ट आइडियाजः त्यौहारों की लंबी छुट्टियों



में बच्चों को व्यस्त और सक्रिय रखने के लिए बोर्ड गेम्स एक बेहतरीन विकल्प हैं। यह उनके मानसिक और बौद्धिक विकास में मदद करते हैं। आजकल बच्चे इंडोर एक्टिविटीज में काफी रुचि दिखाते हैं, ऐसे में कैरम, चेस, लूडो, स्क्रैबल या पज़ल सेट जैसे गेम्स उन्हें स्क्रीन टाइम से दूर रखकर पढ़ाई और मनोरंजन का बेहतरीन संतुलन देंगे।नवरात्रि और दीपावली जैसे पावन धार्मिक अवसरों पर लाल रंग को शुभता, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में आप अपने बच्चों को उनकी पसंद का रेड एथनिक वेयर (जैसे कुर्ते-पायजामे, लहंगा-चोली) या फिर ट्रेंडी वेस्टर्न ड्रेसेस गिफ्ट कर सकते हैं। त्यौहारों के मौके पर पारंपरिक परिधान पहनकर बच्चे बेहद आकर्षक और खास महसूस करते हैं।

त्यौहारों के दौरान सजने-संवरने का उत्साह बच्चों, खासतौर पर नन्हीं बेटियों में बहुत देखा जाता है। उन्हें सुंदर कपड़ों के साथ मैचिंग ज्वेलरी पहनना बहुत पसंद होता है। यदि आप गोल्ड या सिल्वर में निवेश नहीं करना चाहते, तो बाजार में आर्टिफिशियल ज्वेलरी के ढेरों प्यारे विकल्प उपलब्ध हैं। आप बेटियों को मैचिंग हेयर बैंड, बीड्स नेकलेस, रंग-बिरंगी चूड़ियां और क्यूट ईयररिंग्स गिफ्ट कर सकते हैं।आगामी त्यौहारों की छुट्टियों और रचनात्मक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों को फैंसी स्टेशनरी गिफ्ट करना एक बहुत ही व्यावहारिक विचार है।







फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

सस्पेंस, साइकोलॉजिकल थ्रिल और खौफनाक राज़: 'वेरिटी' ने सिनेमाघरों में मचाया तहलका

विश्व प्रसिद्ध लेखिका कॉलीन हूवर के बेहद लोकप्रिय और रोंगटे खड़े कर देने वाले उपन्यास पर आधारित साइकोलॉजिकल थ्रिलर फ़िल्म 'वेरिटी' आखिरकार बड़े पर्दे पर रिलीज़ हो चुकी है और सिनेमाघरों में दर्शकों का जबरदस्त हुजूम उमड़ रहा है। फ़िल्म में ऐन हैथवे, डकोटा जॉनसन और जोश हार्टनेट मुख्य भूमिकाओं में हैं। इन तीनों ही दिग्गज कलाकारों के सधे हुए अभिनय और हर पल बदलते सस्पेंस ने दर्शकों को शुरुआत से लेकर अंत तक अपनी कुर्सियों से बांधकर रखा है।



फ़िल्म की मुख्य कहानी लोवेन एशले (डकोटा जॉनसन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक संघर्षरत और गुमनाम लेखिका है। लोवेन के करियर को तब सबसे बड़ा ब्रेक मिलता है, जब उसे देश की सबसे मशहूर और सफल लेखिका वेरिटी क्रॉफर्ड (ऐन हैथवे) की प्रसिद्ध बुक सीरीज़ की बाकी बची किताबों को पूरा करने का ज़िम्मा दिया जाता है। दरअसल, एक भीषण कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद वेरिटी बोलने-चालने और लिखने में पूरी तरह असमर्थ हो चुकी है, जिसके चलते उसकी हिट सीरीज़ अधूरी रह गई है। किताबों पर रिसर्च करने और लिखने के उद्देश्य से लोवेन, वेरिटी के आलिशान लेकिन अजीब से सन्नाटे और रहस्य से भरे घर में रहने के लिए जाती है। वहाँ उसकी मुलाकात वेरिटी के पति जेरेमी क्रॉफर्ड (जोश हार्टनेट) से होती है, जो अपने परिवार में लगातार हुए दुखद हादसों से मानसिक रूप से पूरी तरह टूटा हुआ है। कहानी में सबसे बड़ा और खौफनाक मोड़ तब आता है, जब लोवेन को वेरिटी के स्टडी रूम में कागज़ात खंगालते समय एक अप्रकाशित पांडुलिपि (आत्मकथा) मिलती है।

टॉलीवुड

एक्शन, एडवेंचर और ट्रेजर-हंट थ्रिलर ने मचाया धमाल, तूफ़ानी अवतार दिखा 'सिग्मा' में

तमिल सिनेमा के मेगास्टार थलपति विजय के बेटे जेसन संजय ने आखिरकार फ़िल्म इंडस्ट्री में बतौर निर्देशक कदम रख दिया है। उनके निर्देशन में बनी पहली एक्शन-एडवेंचर और ट्रेजर-हंट थ्रिलर फ़िल्म 'सिग्मा' 2 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है। लाइका प्रोडक्शंस के विशाल बैनर तले निर्मित इस ग्रैंड फ़िल्म में लोकप्रिय अभिनेता संदीप किशन, फ़ारिया अब्दुल्ला और वरिष्ठ अभिनेता संपथ राज मुख्य भूमिकाओं में नज़र आ रहे हैं।



फ़िल्म की कहानी एक प्राचीन और खोए हुए खजाने की खोज पर आधारित है, जिसमें आधुनिक तकनीक, हाई-ऑक्टेन एक्शन और रहस्य का जबरदस्त तालमेल देखने को मिलता है। जेसन संजय ने प्रतिष्ठित लंदन फ़िल्म अकादमी से फ़िल्म मेकिंग की पढ़ाई की है, और उनकी यह ट्रेनिंग व नई सोच फ़िल्म के हर फ्रेम में साफ़ दिखाई देती है। फ़िल्म की पटकथा इतनी तेज़ और ग्रिपिंग है कि दर्शक पहले सीन से ही कहानी से पूरी तरह जुड़ जाते हैं। सिनेमाघरों में रिलीज़ होते ही फ़िल्म के एक्शन सीन्स, बैकग्राउंड स्कोर और मनोरंजक स्क्रीनप्ले की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। संदीप किशन ने अपने एक्शन अवतार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, वहीं जेसन संजय के निर्देशन की शैली को काफी परिपक्व माना जा रहा है। दक्षिण भारतीय सिनेमा में एक नए और प्रतिभावान युवा निर्देशक के रूप में जेसन संजय की इस पहली शुरुआत की सराहना हो रही है और फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है।

भोजपुरी

'पावर स्टार' पवन सिंह का भक्तिमय और भावुक नया गीत 'माई' रिलीज़

भोजपुरी संगीत जगत के सरताज और 'पावर स्टार' पवन सिंह का नया बेहद भावुक व भक्तिपूर्ण गीत 'माई' रिलीज़ हो चुका है। शारदीय नवरात्रि और दशहरे के पावन पर्व पर रिलीज़ हुए इस गीत ने आते ही इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तहलका मचा दिया है। इस गीत में मां की अगाध ममता, उनके निस्वार्थ प्रेम, त्याग और बच्चों के प्रति असीम समर्पण का बेहद मार्मिक चित्रण किया गया है। गीत की पहली ही पंक्ति से पवन सिंह की सुरीली और गंभीर आवाज़ सीधे श्रोताओं के दिलों में उतर जाती है। संगीत के माध्यम से यह पावन संदेश देने का प्रयास किया गया है कि इंसान के जीवन में मां का स्थान सबसे ऊपर है और मां का आशीर्वाद ही दुनिया का सबसे बड़ा सहारा है। रिलीज़ होते ही यह गीत विभिन्न म्यूज़िक प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब की ग्लोबल ट्रेंडिंग लिस्ट में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। पवन सिंह के प्रशंसकों और भोजपुरी दर्शकों द्वारा इस गीत को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। त्योहारी माहौल में इस तरह के पारिवारिक और भक्तिपूर्ण गीत की हर तरफ चर्चा हो रही है। संगीत समीक्षकों का मानना है कि धमाकेदार और एक्शन गी गीतों के लिए प्रसिद्ध पवन सिंह जब भी मां या पारिवारिक विषयों पर कोई गीत लाते हैं, तो उनकी भावुक अभिव्यक्ति दर्शकों को गहराई से जोड़ लेती है। यह गीत इस त्योहारी सीजन में संगीत प्रेमियों के लिए एक अनमोल सौगात साबित हो रहा है।



जादुई जलवा

पेरिस में आयोजित 'हाउते कॉउचर फ़ैशन वीक' की शुरुआत इस बार पिछले सभी सीज़न की तुलना में बिल्कुल नए, अनोखे और धमाकेदार अंदाज़ में हुई। जैसे ही मॉडलों ने कैटवॉक पर अपने कदम रखे, उनके आत्मविश्वासी अंदाज़ और अनूठे परिधानों ने वहाँ मौजूद दर्शकों और फ़ैशन प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस पूरे शो में सबसे ज़्यादा आकर्षण का केंद्र बना चमकदार ब्राइट रोज़ पिंक रंग का नेट फिशकट लहंगा, जिसे आधुनिक पेंटागन नेकलाइन वाले ब्लाउज के साथ बहुत ही खूबसूरती से पेयर किया गया था।



लाइफ स्टाइल

घर पर बनाएं दो ख़ास नेचुरल हेयर पैक, घने और मजबूत होंगे बाल

हर माहला चाहता ह ाक उसक बाल लब, घन आर चमकदार नज़र आए। इसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर महंगे-महंगे हेयर ट्रीटमेंट लेते हैं। शुरुआत में तो इनका असर दिखता है, लेकिन कुछ समय बाद रसायन (केमिकल्स) के प्रभाव से बाल फिर से बेजान और खराब होने लगते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम सही और प्राकृतिक हेयर केयर रूटीन को फॉलो नहीं कर पाते। अगर आप अपने बालों को बिना नुकसान पहुंचाए कुदरती रूप से लंबा बनाना चाहती हैं, तो सही न्यूट्रिशन वाले हेयर पैक का इस्तेमाल करना बहुत ज़रूरी है।

करी पत्ता और गुड़हल के फूल का जादुई हेयर पैक

करी पत्ता और गुड़हल के फूल लगभग हर भारतीय घर में आसानी से मिल जाते हैं। यह एक बेहद पुराना और आजमाया हुआ दादी-नानी का घरेलू नुस्खा है, जिससे बालों का झड़ना रुकता है और ग्रोथ तेज़ होती है।

बनाने और लगाने का सही तरीकाः

थोड़े से ताज़े करी पत्तों को पानी से अच्छी तरह धोकर मिक्सी में डालें। इसमें एक या दो गुड़हल के फूल की पंखुड़ियां मिलाएं।अब इसमें थोड़ा सा ताज़ा दही, शुद्ध एलोवेरा जेल और हल्का सा पानी डालकर पीस लें और एक स्मूथ पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प (जड़ों) पर अच्छी तरह लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए बालों में लगा रहने दें और फिर सादे पानी से धो लें। नियमित इस्तेमाल से कुछ ही हफ़्तों में आपके बाल लंबे और चमकदार होने लगेंगे।

मेथी दाना औषधीय गुणों से भरपूर होता है जो बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है और असमय बालों को सफेद होने से रोकता है। 2 चम्मच मेथी दाना लें और उसे रातभर पानी में भिगोकर रखें। अगली सुबह पानी निकालकर मेथी दानों को मिक्सी में अच्छी तरह पीस लें। इस पिसे हुए पेस्ट में 2 चम्मच शुद्ध नारियल का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों की जड़ों और स्कैल्प पर अच्छी तरह लगाएं। 1 घंटे बाद किसी माइल्ड (हल्के) शैम्पू से बालों को धो लें। बालों की देखभाल के लिए सही और प्राकृतिक चीज़ें लगाना शुरू करें। हालाँकि, अपनी स्कैल्प की स्थिति के अनुसार किसी भी नए घरेलू उपाय को अपनाने से पहले एक्सपर्ट या डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह ज़रूर लें।



हर मौक़े पर पुरुषों को परफेक्ट और हैंडसम लुक देती हैं पैंट्स



ज़्यादातर पुरुष पैंट खरीदते समय सिर्फ़ उसकी फ़िटिंग्स पर ध्यान देते हैं, लेकिन एक हैंडसम और अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए अवसर के हिसाब से सही पैंट का चुनाव करना बहुत ज़रूरी है। अगर आप भी हर मौक़े पर स्मार्ट दिखना चाहते हैं, तो अपनी अलमारी में पैंट्स के इन स्टाइल्स को ज़रूर जगह दें।

वूल ट्राउजर

ज़रूरी नहीं कि वूल ट्राउजर सिर्फ़ कड़क ठंड के लिए हो। यह पुरुषों को बेहद परिपक्व और रॉयल लुक देती है। गाढ़े बेज वूल ट्राउजर के साथ ब्लैक ब्लेजर और अंदर सफ़ेद शर्ट पहनें। चारकोल ग्रे वूल ट्राउजर को ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट स्नीकर्स के साथ पेयर करें।

चीनोज़

चीनोज़ एक ऐसी पैंट है जो आपके लुक को तुरंत कैजुअल से क्लासी बना देती है। यह पहनने में बेहद आरामदायक होती है। ब्लैक चीनोज़ के साथ सिल्की ब्लैक शर्ट पहनकर आप एक परफेक्ट नाइट पार्टी लुक पा सकते हैं।



जॉगर्स

लोग जॉगर्स को सिर्फ़ जिम या घर तक सीमित मानते हैं, लेकिन सही कॉम्बिनेशन के साथ इसे स्मार्ट कैजुअल के रूप में पहना जा सकता है। बाज़ार में इसके टाइट-फिट, रेगुलर और लूज-फिट पेटर्न उपलब्ध हैं। दोस्तों के साथ पार्टी करनी हो या डिनर डेट पर जाना हो, एक बढ़िया टी-शर्ट और जॉगर्स के साथ आप परफेक्ट लुक पा सकते हैं।



ड्रासट्रिंग ट्राउजर्स

आराम के मामले में ड्रासट्रिंग ट्राउजर का कोई मुकाबला नहीं है। यह गर्मी और सर्दी दोनों मौसम के लिए उपयुक्त है और ज़्यादातर लिनेन फ़ैब्रिक में आती है। समर में नीली ड्रासट्रिंग ट्राउजर को सफ़ेद लिनेन शर्ट के साथ पहनें। विंटर में खाकी रंग की ड्रासट्रिंग पैंट के साथ सफ़ेद शर्ट और ऊपर से डेनिम जैकेट पहनें।

क्लासिक डेनिम पैंट्स

डेनिम यानी जींस के बिना पुरुषों का वॉर्डरोब अधूरा है। अगर आप नियमित जींस नहीं भी पहनते, तो भी अपने पास 1-2 अच्छी फ़िटिंग्स वाली क्लासिक डेनिम पैंट्स ज़रूर रखें।

पर्ल वर्क ज्वेलरी आपके एथनिक आउटफिट्स के लिए होंगी बेस्ट

त्योहारों पर सही ज्वेलरी का चुनाव आपके साधारण से परिधान को भी बेहद ख़ास बना देता है। ज्वेलरी न केवल आपके लुक को पूरा करती है, बल्कि आपको भीड़ में सबसे खूबसूरत भी दिखाती है। इस फेस्टिव सीज़न अगर आप पारंपरिक कुंदन या गोल्ड से हटकर कुछ नया पहनना चाहती हैं, तो पर्ल वर्क (मोती) ज्वेलरी सबसे बेस्ट ऑप्शन है।

क्लासिक मोती स्टाइल पर्ल वर्क ज्वेलरी

गोल्ड प्लेटिंग के साथ मोती वर्क वाली यह ज्वेलरी साड़ी और एथनिक सूट्स के साथ बेहद रॉयल लगती है। यह बाज़ार में मात्र 500 के आसपास मिल जाती है। इसे सिल्क या कांजीवरम साड़ियों के साथ पहनकर आप बेहद एलिगेंट और क्लासिक लुक पा सकती हैं।

रॉयल मिरर वर्क विथ पर्ल ज्वेलरी

अगर आप त्यौहारों पर भारी लहंगे या इंडो-वेस्टर्न गाउन पहन रही हैं, तो मिरर वर्क और पर्ल के कॉम्बिनेशन वाली ज्वेलरी चुनें। शीशे का काम मोतियों की चमक के साथ मिलकर रात के उजाले में अद्भुत लुक देता है।यह आपको 600 से 700 की बजट रेंज में मिल जाएगी।



ट्रेंडी चेन स्टाइल पर्ल ज्वेलरी

मॉडर्न और एथनिक का मिक्स लुक चाहती हैं तो चेन टाइप वर्क पर्ल ज्वेलरी पहनें। यह आपको एक डिफ़रेंट और बोल्ड लुक देती है। इसे आप लगभग 800 में खरीद सकती हैं। इसे नेट या कॉटन साड़ियों के साथ पेयर करें, आप भीड़ से बिल्कुल अलग नज़र आएंगी।

त्योहारों से पहले स्किन केयर रूटीन में करें शामिल

दाग-धब्बे होंगे दूर और चेहरे पर आएगा नेचुरल ग्लो, घर पर रखी चीज़ों से करें त्वचा की देखभाल त्योहारों के भागदौड़ भरे माहौल में हर महिला चाहती है कि उसका चेहरा प्राकृतिक रूप से चमकता रहे और किसी तरह की पिंपल्स या रूखेपन की समस्या न हो। महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स की जगह अगर आप अपनी स्किन केयर रूटीन में प्राकृतिक चीज़ों को शामिल करेंगी, तो आपकी त्वचा बिना किसी साइड इफ़ेक्ट के चांद सी निखर उठेगी।

मुल्तानी मिट्टी फेस पैक से लाएं कुदरती निखार

मुल्तानी मिट्टी में कई औषधीय और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल हटाकर मुहांसों की समस्या को कम करते हैं।

उपयोग का तरीकाः 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में आवश्यकतानुसार गुलाब जल या पानी मिलाकर स्मूथ पेस्ट बनाएं। इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद ठंडे पानी से धो लें। इसके बाद चेहरे पर मॉइस्चराइज़र ज़रूर लगाएं। हफ्ते में 2 बार इसका इस्तेमाल करें।

गुलाब जल से करें डीप क्लीजिंग

गुलाब जल प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है जो त्वचा को तरोताज़ा और डीप क्लीन करने में मदद करता है। उपयोग का तरीकाः रात को सोने से पहले कॉटन (रुई) की मदद से पूरे चेहरे को गुलाब जल से साफ करें। अगर आप हैवी मेकअप लगाती हैं, तो मेकअप हटाने और चेहरे को फ्रेश रखने के लिए भी गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं।



नारियल तेल से चेहरे की करें हल्की मसाज

नारियल तेल को एक बेहतरीन नेचुरल मॉइस्चराइज़र माना जाता है, जो त्वचा की अंदर से मरम्मत करता है और चेहरे पर चमक लाता है। उपयोग का तरीकाः थोड़े से नारियल तेल को हल्का गुनगुना कर लें। ठंडा होने के बाद रात को सोने से पहले चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें।

कार्नर न्यूज

यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन

पार्टी में आपके लुक के आगे सबका रंग पड़ जाएगा फीका, जब स्टाइल करेंगी खास डिजाइन वाले गाउन

शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, आमतौर पर रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे। इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं।

इस तरह के नेट वाला गाउन भी आप रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं और यह गाउन आपको कई सारे कलर और वर्क आप्शन के साथ 3,000 से 6,000 रुपये में मिल जाएगा।

